हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 112, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 अक्टूबर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

अब नया भारत बन रहा है, हम उच्च विचार परिवार के लोग हैं : मुख्यमंत्री

अब देश में कोई भूखा नहीं मरता सभी गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा

अलीगढ़। अलीगढ़ में जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब देश में कोई भूखा नहीं मरता सभी गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अब नया भारत बन रहा है। देश के हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

बोले- हम उच्च विचार परिवार के लोग हैं- इस दौरान सीएम योगी ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम उच्च विचार परिवार के लोग हैं। उन्होंने कहा कि जिसमे पंडित दीनदयाल ने कहा था कि विकास का पैमाना सबसे निचले व्यक्ति के पायदान से होता है। सीएम योगी ने कहा कि केंद्र सरकार बहुत तेजी से काम कर रही है। यही वजह है कि पढ़ाई से लेकर कमाई तक में काम हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम हुआ है। अब जन धन खाते में लाभार्थी के बैंक अकाउंट में सीधे पैसे आते हैं। सीएम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान देकर भारत को एकता में जोड़ने का काम किया है। सीएम ने यह भी कहा कि तीन करोड़ परिवार के लोगों को मुफ्त बिजली दी गई।

मुख्यमंत्री योगी की फटकार के बाद राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में आयी तेजी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फटकार के बाद राजस्व के पेंडिंग मामलों के निपटारे में तेजी दर्ज की गयी है। वर्तमान में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का रेश्यो 90 प्रतिशत पार कर गया है। यह जानकारी 16 अक्तूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव राजस्व ने दी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्तूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के पेंडिंग मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत रेश्यो पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का रेश्यो 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिये। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (1,00,307 वाद), बलिया (70,761 वाद), प्रयागराज (65,771 वाद), गोरखपुर (62,906 वाद), गोंडा (58,264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 5,33,089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 4,36,921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं।

आजम खां के समर्थन में आए शिवपाल, बोले- लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा सरकार

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव आजम खां के समर्थन में नजर आए। उन्होंने कहा कि आजम खां दूसरे धर्म से आते हैं, इसलिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। यह बातें उन्होंने गाजीपुर के सिधौना गांव में कहीं। शिवपाल यादव यहां जिला पंचायत सदस्य कमलेश राय साहब के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। शिवपाल यादव ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाली भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सभी दल छोटी-छोटी समस्याओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में एक साथ होकर मुकाबला करें। तभी देश का कल्याण होगा। उन्होंने सपा कार्यताओं से कहा कि आपसी मनमुटाव को खत्म कर एकजुट होना होगा। साथ ही पार्टी के लिए तन-मन से अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। इसके बाद सपा नेता का काफिला बलिया के लिए रवाना हो गया।

मैदान-ए-जंग में हमास की टॉप महिला लीडर ढेर

तेल अवीव। हमास के आतंकियों को चुन-चुनकर इजरायली सेना निशाना बना रही है। गुरुवार को 'द टाइम्स ऑफ इजरायल की ओर से जानकारी सामने आई कि हमास के सह संस्थापक अब्देल अजीज अल-रंतीसी की विधवा और हमास की इकलौती महिला लीडर जमीला अल शांति को इजरायली सेना ने ढेर कर दिया है। वो आतंकी ग्रुप हमास के राजनीतिक ब्यूरो का कामकाज संभाल रही थीं। हालांकि, अब तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि आखिर इजरायली सेना ने जमीला अल शांति को किस स्थान पर ढेर किया। जमीला अल शांति, पहली महिला थीं जो 2021 में राजनीतिक ब्यूरो के लिए चुनी गई थीं। सात अक्टूबर से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक कुल 4900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के हमलों में 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा पट्टी में 3478 लोग मारे जा चुके हैं। कुछ दिनों पहले इजरायली सेना ने जानकारी दी थी कि सेंट्रल गाजा पट्टी में इजरायली एयरस्ट्राइक में हमास का टॉप कमांडर अयमान नोफल उर्फ अबू मोहम्मद बमबारी ढेर हो गया है। वो एक हाई-प्रोफाइल आतंकी था। वहीं, इजरायल डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि सेना ने नुखबा इकाई की दक्षिणी खान यूनिस बटालियन के कमांडर बिलाल अल-केदरा को भी ढेर कर दिया। केदरा इजरायल के कई लोगों की हत्या का जिम्मेदार माना जाता है।

भ्रष्टाचार के दो मामलों में नवाज शरीफ को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से राहत, 24 अक्टूबर तक मिली जमानत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दे दी है। पाकिस्तान लौटने से पहले नवाज शरीफ को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को अस्थायी राहत दिया है। इसी बीच, पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने तोशाखाना वाहन मामले में उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो ने एक वकील काजी मुशाहिद के माध्यम से बुधवार को इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत नंबर 1 से संपर्क किया, जिसमें दो साल पहले जारी किए गए स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने की मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि नवाज शरीफ का गिरफ्तारी वारंट इसलिए निलंबित किया गया, क्योंकि वे एक मामले में उपस्थित होने में विफल रहे थे। उल्लेखनीय है कि 73 वर्षीय राजनेता को एवेनफील्ड और अल-अजीजिया मामलों में दोषी ठहराया गया था और तोशाखाना वाहन मामले में घोषित अपराधी घोषित किया गया था। यह दोनों मामले इस्लामाबाद में एक जवाबदेही अदालत के समक्ष लंबित है। नवाज इन मामलों में जमानत पर थे, जब वह 2019 में इलाज के लिए यूके चले गए थे। यह राहत 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ के पाकिस्तान आगमन से कुछ ही दिन पहले आई है, जिससे लंदन में लगभग चार साल का आत्म-निर्वासन समाप्त होगा। याचिका के अनुसार, नवाज अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने और 'न्याय की उचित प्रक्रिया को प्रस्तुत करने और कानून के तहत अनुमत उपायों का लाभ उठाने' के लिए सुरक्षात्मक जमानत की मांग कर रहे थे।

'जबतक जिंदा हूं तबतक...', राष्ट्रपति के सामने छलका नीतीश कुमार का भाजपा प्रेम, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा हॉल

मोतिहारी। बिहार में राहें जुदा करने के करीब दो साल बाद गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाजपा प्रेम छलक पड़ा। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना इशारों-इशारों में इसे जाहिर किया। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के मंच से संबोधित कर रहे थे। इसके स्थापना का इतिहास दोहराते हुए सीएम नीतीश कुमार ने एक बड़ा राजनीतिक बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि जब तक हम जीवित रहेंगे, हमारा आपका संबंध रहेगा। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों के बीच विभिन्न दलों के नेताओं को मौजूदगी में उन्होंने सामने बैठे नेताओं की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि 2007 में केंद्र सरकार देश के विभिन्न राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की शुरूआत की। हमने तभी कहा था कि इसकी स्थापना बापू के चंपारण सत्याग्रह की भूमि पर होगी। 2009 में अधिनियम बना और तब से मैं लगा रहा, तब कांग्रेस की सरकार थी। मैं तबके मंत्री के यहां भी गया। भेंट भी की और आवास पर भोजन किया। उन्होंने कहा कि गया में खोलेंगे, लेकिन हमने चंपारण के लिए कहा। फिर यह तय हुआ दोनों स्थानों पर केंद्रीय विश्वविद्यालय खुलेगा। इसके बाद 2014 में केंद्र की सरकार ने मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की सहमति दी। हमने इसका महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय रखने का प्रस्ताव दिया। इसी के बाद व्यंगात्मक लहजे में नीतीश ने सामने बैठे एनडीए के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा- तब हम साथ थे। याद है न 2005। हमारी दोस्ती तब भी थी। अब भी है। जब तक हम जीवित रहेंगे हमारा-आपका संबंध रहेगा। सधी राजनीति का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने वोट पर भी बात और विकास पर भी बोले।

गाजा युद्ध पर मायावती का बयानः बोलीं- विनाशकारी साबित होगा नया युद्ध, पीएम मोदी के बयान का किया जिक्र

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध के साथ ही कोई नया युद्ध मानवता के लिए विनाशकारी साबित होगा। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने जब यह कहा कि 'दिस इज नॉट एन इरा ऑफ वार' अर्थात आज का युग युद्ध का नहीं है तो इसकी प्रशंसा पश्चिमी नेताओं ने खूब की। अब गाजा युद्ध को लेकर भी भारत को अपने इस स्टैंड पर ऐसी मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है, जो सबका अनुभव हो। युद्ध दुनिया में कहीं भी हो आज के ग्लोबल वर्ल्ड में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे पर काफी हद तक जुड़ी है और निर्भर है। यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है और दुनिया इससे प्रभावित है इसीलिए विश्व में कहीं भी नया युद्ध मानवता के लिए कितना विनाशकारी होगा इसका अन्दाजा

लगाना मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है जिसकी प्रेरणा और शक्ति उसे उसके समतामूलक एवं मानवतावादी संविधान से मिली है। दुनिया में भारत की यह पहचान बनी रहनी चाहिए।

हनुमानगढ़ी में साधु की चाकू से गोदकर हत्या, एक महीने में दूसरी वारदात से सनसनी, बंद मिला सीसीटीवी

अयोध्या। अयोध्या जिले के थाना रामजन्मभूमि अंतर्गत सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में स्थित एक आश्रम में एक नागा साधु की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उसके गले, सीने व पीठ पर धारदार हथियार के गहरे निशान हैं। आशंका जताई जा रही है कि पहले किसी पतले तार से उसका गला घोंटा गया फिर चाकू से वार किया गया। बृहस्पतिवार सुबह में इसकी जानकारी होने पर सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर एसएसपी राजकरण नायर, एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ बीकापुर डॉ राजेश तिवारी समेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची व घटनास्थल की जांच की। मृतक साधु की पहचान राम सहारे दास शिष्य दुर्बल दास (44) के रूप में हुई। वह बसंतिया पट्टी से जुड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि मृतक साधु आश्रम के सबसे अंदरूनी हिस्से के तीसरे कमरे में रहता था। उसके साथ दो शिष्य भी रहते थे। घटना के बाद से ऋषभ शुक्ला नामक शिष्य मौके से फरार मिला जबकि दूसरे शिष्य गोविंद दास को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, फरार ऋषभ शुक्ला को मृतक साधु ने 15 दिन पहले ही अपने साथ रखा था, वह खाना बनाता था। घटना के पीछे लूट का भी अंदेशा जताया जा रहा है। मंदिर व अगल-बगल रहने वाले नागा साधुओं का कहना है कि मृतक रामसहारे दास हनुमान जी का श्रृंगार आदि करता था। वहीं, उक्त आश्रम में सभी कमरों में सीसीटीवी लगा हुआ था लेकिन उसे किसी ने बंद कर दिया था। पुलिस को कुछ ऐसे फुटेज मिले हैं जिसमें सीसीटीवी बंद करने वाला कैद हो गया है। पुलिस ने फुटेज व हार्ड डिस्क को अपने कब्जे में ले लिया है। एसपी राजकरण नायर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमों को लगाया गया है। हत्या का कारण क्या है और किसने की इसकी जांच की जा रही है। ध्यान रहे की एक माह के अंदर हनुमानगढ़ी परिसर में यह दूसरी वारदात है। इससे पूर्व इसी आश्रम के सामने स्थित एक दूसरे आश्रम में संस्कृत के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

एक परिवार के पांच लोगों को जहर देकर मार डाला, दो आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जहर देकर मार दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाओं की पहचान संघमित्रा कुम्भारे और रोजा रामटेके के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार के पांच सदस्यों की एक महीने में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पैतृक संपत्ति के विवाद और अन्य विवाद में परिवार के सदस्यों को जहर दिया गया। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने बताया कि घटना गढ़चिरौली जिले की अहेरी तहसील के गांव महागाओ की है। यहां बीते कुछ दिनों में शंकर पिरु कुम्भारे और उनके परिवार के चार सदस्य अचानक बीमार हुए और 20 दिनों के भीतर पांचों लोगों की मौत हो गई। पहले 20 सितंबर 2023 को शंकर कुम्भारे और उनकी पत्नी विजया कुम्भारे बीमार हुए और उन्हें अहेरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें नागपुर भेजा गया। जहां 26 सितंबर को शंकर कुम्भारे और अगले दिन यानी 27 सितंबर को विजया कुम्भारे की मौत हो गई। इसके बाद शंकर की बेटी कोमल दाहागांवकर और शंकर का बेटा रोशन कुम्भारे और रोशन की बेटी आनंदा भी बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो गए। अस्पताल में भी उनकी हालत बिगड़ती गई और 8 अक्तूबर को कोमल, 14 अक्तूबर को आनंदा और 15 अक्तूबर को रोशन कुम्भारे की भी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिलाओं ने इन पांच सदस्यों के अलावा दो अन्य लोगों को भी जहर दिया था लेकिन फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि अचानक से परिवार के पांच लोगों की मौत होने पर उन्होंने मामले की जांच गंभीरता से की तो शंकर कुम्भारे की बहू संघमित्रा कुम्भारे और शंकर के साले की पत्नी रोजा रामटेके की संलिप्तता नजर आई।

सीएम फेस को लेकर गहलोत बोले- मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं पर ये पद मुझे नहीं छोड़ेगा

जयपुर। विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली बैठे सीएम अशोक गहलोत ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार सीएम बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार सीएम बना रहे हैं। राजस्थान में उनकी सरकार से बगावत करने वाले सचिन पायलट और उनके विधायकों को टिकट दिए जाने के सवाल पर बोले-अभी सिर्फ जीत क्राइटेरिया है बाकी सब हम भूल चुके हैं। उनके साथ जो गए थे उनके टिकट सब क्लीयर हो रहे हैं। एक टिकट पर भी मैंने ऑब्जेक्शन नहीं किया। प्रदेश में एंटीइनमबेंसी के चलते टिकट काटे जाने के सवाल पर गहलोत ने कहा सीएम के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप और एंटीइनकमबेंसी भी है, लेकिन टिकट तब कटते हैं, जब वहां विकल्प हों। मैंने एक बात कही कि सरकारें बदलने का भाजपा ने नया मॉडल अपनाया है यह बहुत खतरनाक है। अरुणाचल प्रदेश के सीएम को तो इसके चलते आत्महत्या तक करनी पड़ी। प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई को लेकर भी सीएम अशोक गहलोत ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत संजीवनी घोटाले के आरोपी उनकी जांच क्यों नहीं की जा रही। गहलोत बोले, यहां के सांसद ईडी के ऑफिस में जाकर झूंठी शिकायत करते हैं और उनके कहने पर ईडी कार्रवाई के लिए आ जाती है। सांसद किरोड़ी ने तूफान मचा दिया कि लॉकर में 500 करोड़ रुपये पड़े हैं, ईडी वहां पहुंच गई।

गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। बोले, मोदी कहते हैं कि मैं गहलोत से बड़ा ईमानदार हूं तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि मैं मोदी से बड़ा फकीर हूं। जिंदकी में एक ईंच जमीन नहीं खरीदी, सोना नहीं खरीदा, इसलिए मोदी को बड़ा दावा नहीं करना चाहिए। सचिन पायलट से विवादों के सवाल पर गहलोत ने गुगली फेंकी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को तकलीफ ही यही हो रही है कि इनके बीच झगड़े क्यों नहीं हो रहे हैं। गहलोत बोले कि मैं उनके फैसलों में भागीदार बन रहा हूं। उन्होंने कहा कि अभी सिर्फ जीत क्राइटेरिया है बाकी सब हम भूल चुके हैं। उनके साथ जो गए थे उनके टिकट सब क्लीयर हो रहे हैं। एक टिकट पर भी मैंने ऑब्जेक्शन नहीं किया। वसुंधरा राजे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का अंदरूनी मामला है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मेरे कारण उनको सजा नहीं मिलनी चाहिए। मेरी सरकार गिर रही थी तो उनके नेता कैलाश मेघवाल ने एक किस्सा बताया था। वह मैंने किसी सभा में कह दिया। उसे लेकर राजे को निशाना बनाया गया।

सिर्फ छह सेकंड में फुटपाथ पर चल रहे पांच लोगों को कार ने उड़ाया, एक की मौत, कैमरे में कैद हुई घटना

मंगलुरु। कर्नाटक के मंगलुरु में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां एक फुटपाथ पर पैदल जा रहे पांच लोगों को कल शाम करीब चार बजे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीसीटीवी फुटेज में मंगलुरु में मन्नागुड्डा जंक्शन के पास लोगों को कम भीड़ वाले फुटपाथ पर चलते हुए देखा जा सकता है। तभी एक कार अचानक से आती है और और फुटपाथ पर पांच लोगों (दो महिलाओं और तीन लड़कियों) को टक्कर मार देती है। पुलिस ने बताया कि हुंडई ईऑन कार कमलेश बलदेव द्वारा चलाई जा रही थी। वीडियो में दिख रहा है कि पीछे से आ रही कार ने पहले चार लोगों को टक्कर मारी। एक महिला को कुचलने के बाद एक अन्य महिला को टक्कर मार दी, जिसने कार को पास आते देख भागने की कोशिश भी की। इतना ही नहीं, फुटपाथ पर लगे एक पोल से कार जाकर टकरा जाती है। बाद में डिवाइडर से टकराने से पहले कार चालक महिला को कुछ मीटर तक घसीटता हुआ ले जाता है। घटना मात्र छह सेकंड में हुई। आसपास मौजूद लोग जबतक समझ पाते तबकर आरोपी ने कार से पांच लोगों को टक्कर मार दी थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और तीन लड़कियों सहित चार घायल हो गए। आरोपी बाद में फरार हो गया। आरोपी ने कार को एक शोरूम के सामने खड़ा किया और अपने घर चला गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने पिता के साथ पुलिस थाने आया। वहीं, घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। वाहन रुक गए और लोग घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े। एक महिला उठने में कामयाब रही, लेकिन लंगड़ा रही थी। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को ऑटो में अस्पताल ले जाया गया। हादसे में 23 साल की रूपश्री की मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला सहित भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

संपादकीय

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में आम लोगों की मौत पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय

इजराइल पर हमास के हमले के बाद युद्ध की जटिल होती तस्वीर में अब गाजा पट्टी में जैसे हालात पैदा हो गए हैं, वह समूची दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। विडंबना यह है कि युद्ध में शामिल सभी पक्ष बढ़-चढ़ कर दावा यही करते हैं कि वे इंसानियत को बचाने के लिए दुश्मन से लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सच यह है कि किसी भी पक्ष के हमले में आम लोग मरते हैं और सबसे ज्यादा नुकसान मानवता को ही पहुंचता है। मंगलवार को गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर जैसा हमला हुआ, उसकी आशंका किसी को नहीं थी, क्योंकि अस्पतालों को युद्ध के सबसे विकट समय में भी एक सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। गौरतलब है कि गाजा सिटी के अल-अहली अरब बैप्टिस्ट अस्पताल पर राकेट से हुए हमले में कम से कम पांच सौ लोगों के मारे जाने की खबर आई। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह हमला किसने किया, लेकिन जब इस मामले ने तूल पकड़ लिया, तब इजराइल ने इसमें अपना हाथ होने से इनकार किया और इसके लिए गाजा पट्टी में छिप कर वार कर रहे हमास को जिम्मेवार ठहराया। इससे पहले हमास और फिलिस्तीनी प्रशासन ने इस हमले का सीधा आरोप इजराइल पर लगाया था। सवाल है कि गाजा पट्टी में अस्पताल पर हुए हमले में पांच सौ से ज्यादा लोगों को क्यों मार डाला गया? उनका क्या दोष था? यह सवाल किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि इस हमले में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। त्रासदी यह है कि इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए ताजा टकराव के बाद दोनों पक्षों के हमले में आमतौर पर निर्दोष नागरिक ही मारे जा रहे हैं, लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। अब तक इस जंग में लगभग पांच हजार लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन गाजा सिटी में अस्पताल पर हुए हमले ने सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर युद्ध में शामिल सभी पक्षों का मकसद क्या होता है! इस हमले के बाद ये सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या इसे युद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा जाएगा! दरअसल, युद्ध अपराध एक संगीन आरोप माना जाता है और ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानून काम करता है। हालांकि इसकी जांच करना और वास्तविक अपराधियों को सजा दिलाना एक जटिल काम रहा है, फिर भी गाजा पट्टी में अस्पताल पर हमले के लिए जिसे भी जिम्मेदार माना जाएगा, उस पर अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध का आरोप लग सकता है। इजराइल पर हमास के हमले के बाद जारी युद्ध में दोनों पक्षों पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रखने के आरोप लगे हैं और संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह इसकी जांच कर रहा है। छोटे विवाद से लेकर बड़े स्तर पर जंग की स्थिति में जेनेवा सम्मेलन के तहत न केवल अपने पक्ष के, बल्कि विरोधी सेनाओं के बीमारों, घायलों और कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार और उनके इलाज का नियम बनाया गया है। मगर इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में आम लोगों पर हमले से लेकर गाजा पट्टी में एक बड़ा इलाका खाली कराने, जीवन से संबंधित जरूरी चीजों को बाधित करने जैसी घटनाएं सामने आई हैं, वे यही बताती हैं कि सभ्य होने का दावा करती दुनिया में भी युद्ध के दौरान नियम-कायदों का ध्यान रखना शायद किसी के लिए प्राथमिक दायित्व नहीं होता। इसकी कीमत उन लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है, जो पूरी तरह निर्दोष होते हैं।

चल रही तलाश!

बनें नए समीकरण ।
चल रही तलाश ।।
लाना अलग चेहरे ।
जगी ऐसी प्यास ।।
करना सब नवीन है ।
आए नई बहार ।।
चाह रहे हम करने को ।
जनता पर उपकार ।।
किए यदि सुधार ।
तय मिलना है फल ।।
कार्यकर्ताओं को ।
मिल जाए कुछ बल ।।
रणनीति ही ऐसी ।
है हमने बनाई ।।
उब गए हैं हम ।
हुई जो जगहंसाई ।।

–कृष्णेन्द्र राय

यूपी में सपा और कांग्रेस की लड़ाई इंडिया गठबंधन की असलियत को उजागर कर रही है

अजय कुमार

हिंदी शासित राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा-कांग्रेस के बीच रार उनके नेताओं में दूरियां भी बढ़ा रही हैं। जिसके चलते विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में दरार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के विवादित बयान इस मनमुटाव में आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। वह लगातार अखिलेश यादव को नसीहत दे रहे हैं, जो सपा नेताओं को राज नहीं आ रहा है। इसी क्रम में अब उन्होंने मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर सपा नेताओं का फिर बड़ा दिल दिखाने का सुझाव दिया है।

अजय राय का कहना है कि उत्तर प्रदेश से बाहर सपा को मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में अपना आधार भी देखना चाहिए। मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में सपा को केवल एक सीट मिली थी। इससे पार्टी को अपनी जमीनी स्थिति को भी समझना चाहिए। अजय राय ने कहा कि उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर हुए विधानसभा के उपचुनाव में भी सपा ने अपना प्रत्याशी उतारा था, जिसका नुकसान कांग्रेस प्रत्याशी को उठाना पड़ा था। इसके बाद भी कांग्रेस ने बड़ा दिल दिखाया था। प्रदेश में घोसी सीट पर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने बढ़कर सपा प्रत्याशी को समर्थन दिया था और कांग्रेस नेताओं ने घोसी जाकर प्रचार किया था। पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सपा को सभी जगह पहले अपना आधार देखना चाहिए। हालांकि आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर राय ने प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन हकीकत यह भी है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सपा व कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर भी खींचतान के संकेत मिलते रहे हैं। कांग्रेस नेता सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करते आए हैं। वहीं सपा कांग्रेस के पाले में 15 से 20 सीट ही जाने देना चाहती है। दोनों ही दलों के नेता सीटों के बंटवारे को लेकर एक-दूसरे पर दबाव भी बनाते नजर आए हैं। इसी कड़ी में संसद में भाजपा सांसद द्वारा बसपा सांसद दानिश अली पर की गई गंभीर टिप्पणी के बाद पहले राहुल गांधी और फिर अजय राय ने दिल्ली में दानिश अली से मुलाकात की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय मुस्लिम नेता व पूर्व विधायक इमरान मसूद को भी कांग्रेस ने घर वापसी कराई। इसके बाद राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के कद्दावर नेता रहे नवाब कोकब हमीद के बेटे नवाब अहमद हमीद और सपा नेता व पूर्व मंत्री ओमवीर तोमर भी कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस मुस्लिम नेताओं में अपनी पैठ बढ़ाकर सपा पर दबाव बनाती दिख रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में आने वाले दिनों में दोनों दलों के नेताओं के बीच खींचतान बढ़ने की संभावनाएं भी तेज होती जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की जिद के कारण 'खतरे का निशान' पार करता दिख रहा है। जो पार्टी जहां मजबूत है वह वहां दूसरे को नीचा दिखाने लगी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी को भाव नहीं दे रही है तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अपने नेतृत्व में चुनाव लड़े जाने की बात कर रही है। दोनों के बीच सीटों के बंटवारे पर बार-बार मनमुटाव उजागर हो रहा है। यूपी में कांग्रेस करीब दो दर्जन सीटों पर अपनी दावेदारी ठोक रही है तो वहीं समाजवादी पार्टी का कहना है कि वह दावेदारी ना ठोके यह बताए कि कितने सीटों पर चुनाव जीत सकते हैं। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में जिस तरह की खटास सपा और कांग्रेस के बीच देखी जा रही है उसका असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भी पड़ना तय नजर आ रहा है क्योंकि यूपी में समाजवादी पार्टी अपने को 'अपर हैंड' मानती है और कांग्रेस को चार-पांच सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। यह बात कांग्रेस को काफी खल रही है, जिस तरह से उत्तर प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के खिलाफ बयान बाजी कर रहा है उससे भी दोनों दलों के बीच की दूरियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन का खेल खराब हो सकता है जिसका पूरा फायदा भारतीय जनता पार्टी उठाने की कोशिश करेगी।

निठारी कांड के दोषियों का बरी होना सरकार और जांच एजेंसियों के कामकाज पर बड़ा सवाल

स्वदेश कुमार

उत्तर प्रदेश के दिल्ली से सटे नोयडा के निठारी गांव में आज से 17 वर्ष पूर्व दिल दहला देने वाले उस मंजर को कौन भूल सकता है, जब 29 दिसंबर 2006 को नोयडा, सेक्टर 31 के निठारी गांव स्थित डी-5 कोठी के आसपास और कोठी के पीछे बहते नाले तक में एक के बाद एक नर कंकाल मिलने से लोगों की रूह कांप उठी थी। यह सभी कंकाल छोटी उम्र के बच्चे-बच्चियों के थे। उस समय प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। इस हादसे ने सीएम की कुर्सी को हिला कर रख दिया था। जनता आगबबूला थी तो विपक्ष ने भी इस पर खूब सियासत की थी, क्योंकि तीन-चार महीने बाद यूपी विधान सभा चुनाव होने थे। निठारी कांड से हिली मुलायम सरकार की छवि को इस कांड से काफी बड़ा दाग लगा था। तब मुलायम सरकार में शामिल शिवपाल यादव से जब पत्रकारों ने निठारी कांड के बारे में पूछा तो उन्होंने बड़ी हठधर्मी से कह दिया था कि इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, इसके बाद पुलिस ने भी जांच में ढिलाई बरतना शुरू कर दी। इस मामले में तत्कालीन पुलिस अधिकारी और उनके अधीनस्थों पर भी लापरवाही के आरोप लगे हैं। यह आरोप यूं ही नहीं लगे थे, इसके पीछे सच्चाई भी थी। सूत्र बताते हैं कि 2005 से 2006 के बीच जब बच्चे गायब हो रहे थे, तब कुछ पुलिसकर्मी घटना के पदार्फाश के करीब पहुंच गए थे, लेकिन तत्कालीन सरकार के दबाव में अधिकारियों ने मामला पदार्फाश नहीं होने दिया था। सरकार के करीब रहे एक स्थानीय नेता ने भी जांच को भटकाने में खास भूमिका निभाई थी।

सूत्र बताते हैं कि उस समय जिले में तैनात अधिकारी इस मामले को लेकर दो फाड़ हो गए थे। बच्चों के प्रति संवेदना रखने वाले पुलिसकर्मियों का एक गुट मामले का पदार्फाश चाहता था, जबकि दूसरा गुट सरकार की छवि धूमिल न हो, इसके लिए प्रकरण को दबाए रहा। बच्चे गरीबों के थे। उनके पास किसी की सिफारिश नहीं थी। यही कारण है कि मानवीय संवेदनाएं इस हद तक तार-तार हो गई थीं कि एक के बाद एक 19 बच्चे लापता होते रहे। जांच के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गईं। एसओजी और तकनीकी रूप से मजबूत पुलिस टीम को बच्चों के गायब होने की सच्चाई सामने लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने मुलायम सरकार के दबाव में साक्ष्यों को कमजोर कर दिया, लेकिन जनता ने समाजवादी पार्टी के साथ पूरा इंसाफ किया और अप्रैल 2007 के विधान सभा चुनाव में सपा को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा एवं बसपा की सरकार बनी। उधर, निठारी कांड पर जांच जारी रही, जिसमें तमाम चौंकाने वाले खुलासे हुए। लापता 18 बच्चों और एक कॉल गर्ल की हत्या की बात सामने आई। कुछ समय बाद ही मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया गया, जिस कोठी के अंदर से नर कंकाल मिले थे उसके मालिक मोनिंदर सिंह पंढेर और नौकर सुरेंद्र कोली आरोपी बने। उन्होंने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म भी कबूल कर लिया था, पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी। बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था। सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था। कुल मिलाकर दोनों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में 19 मामलों में ट्रायल शुरू हुआ और 2017 में सीबीआई कोर्ट द्वारा दोनों को फांसी की सजा सुनाई गई, लेकिन करीब 17 साल बाद 16 अक्टूबर 2023 का इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चौकाने वाला फैसला देते हुए पंढेर और कोली दोनों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया और सीबीआई को पर्याप्त सबूत नहीं जुटाने के लिये फटकार भी लगाई।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार के साथ आसपास के लोग खंडहर हो चुकी उस कोठी के पास पहुंचे जहां उनके बच्चों के साथ हैवानियत की गई थी तो उनका दर्द छलक पड़ा। वहां पहुंचे उन लोगों के चेहरे बुझे हुए थे तो कानून के प्रति नाराजगी भी थी। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 17 साल के लम्बे इंतजार के बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। हम लोग आज भी वहीं खड़े हैं, जहां घटना वाले दिन खड़े थे। निठारी कांड में अपने बच्चों को खाने वाले परिवार वालों का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है। इसका जवाब कौन देगा? हो सकता है कि अदालत के सामने मजबूत साक्ष्य पेश करने में सीबीआई सफल नहीं रही हो, लेकिन इससे पीड़ित परिवार वालों का कोई लेना-देना नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है जिस आधार पर नीचे की दो अदालतों ने आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई थी, वह आधार हाईकोर्ट में टिक क्यों नहीं पाए और दोनों आरोपी बरी हो गये, जबकि इस कांड को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर कांड माना गया था। गौरतलब है कि हत्या मामले में किसी मुजरिम को तभी फांसी की सजा सुनाई जाती है जब मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर का हो। इस कारण सजा पर बहस के दौरान एक तरफ जहां सरकारी पक्ष मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में लाने की कोशिश करती है वहीं बचाव पक्ष की यह कोशिश होती है कि वह मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में नहीं आने दे। इस बात को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि निठारी कांड के समय जांच में सामने आए तथ्य इतने भयावह थे कि ऐसी हैवानियत इंसान करेगा, ये कल्पना ही कोई नहीं कर पा रहा था। इसके बाद नर पिशाच शब्द लोगों की जुबां से यहां अपराध करने वालों के लिए निकला। निठारी में उस समय कई बच्चे लापता हुए थे, जिनके साथ हैवानियत किये जाने की बात इस कांड में सामने आ रही थी। गांव निठारी निवासी राजवती कहती हैं कि पिछले 17 वर्षों में काफी कुछ बदल गया है, लेकिन उस नरसंहार कांड की यादें आज भी लोगों के दिलो दिमाग में ताजा हैं। राजवती जोकि अब जूता-चप्पल की दुकान चला रही हैं उन्होंने अपना 5 साल का बच्चा निठारी कांड में खोया था, उन्होंने बताया कि शादी के 8 साल बाद उनको बच्चा हुआ था। 27 अप्रैल 2006 को वह घर के बाहर खेलने के लिए गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। फिर जानकारी मिली कि उसका कंकाल डी-5 बंगले के सामने बहने वाले नाले में मिला था। राजवती जोर देकर कहती हैं कि अगर कोर्ट ने कह दिया है कि वो दोनों दोषी नहीं हैं तो किसने मेरे बच्चे को मारा है। इसी तरह से निठारी कांड की पीड़ित और लापता हुई 10 वर्षीय बच्ची की मां हाईकोर्ट के फैसले के बाद फफक पड़ीं और बोलीं वक्त बीत गया लेकिन आंसू नहीं सूखे और बेटी की यादें धुंधली नहीं हुईं।

यूरोप में इस्लामिक आतंकवाद तेजी से बढ़ रहा है और इससे सभी देशों को खतरा

नीरज कुमार दुबे

इजराइल में हमास आतंकवादियों की ओर से किये गये निर्मम हमले और यहूदियों के कत्लेआम के दृश्य दर्शा रहे हैं कि आतंकवाद कितना क्रूर रूप धारण करता जा रहा है। यह क्रूरता जिस तरह दुनियाभर में अलग-अलग घटनाओं के माध्यम से सामने आ रही है उससे यह भी प्रदर्शित होता है कि आतंकवाद इस समय विश्व की सबसे बड़ी समस्या का रूप ले चुका है। खासतौर पर इस्लामिक आतंकवाद ने वैश्विक नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं क्योंकि इसका शिकार निर्दोष और मासूम लोग बन रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अपने हक की लड़ाई के नाम पर कुछ देश और संगठन आतंकवाद की राह को सही ठहराने पर तुले हैं जबकि इसके चलते सबको सिर्फ नुकसान ही होता है।

देखा जाये तो आतंकवाद के दिये जख्मों से सिर्फ इजराइल ही नहीं कराह रहा है बल्कि अब खतरा पूरे यूरोप पर मंडरा रहा है। हम आपको बता दें कि फ्रांस में एक शिक्षक और बेल्जियम में दो स्वीडिश फुटबॉल प्रशंसकों की हत्याओं के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि यूरोप में इस्लामिक आतंकवाद तेजी से बढ़ रहा है और इससे सभी देशों को खतरा है। मैक्रों की यह टिप्पणी अल्बानिया की यात्रा के दौरान आई है। हम आपको बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी एक 45 वर्षीय हमलावर द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किये गये वीडियो में खुद को इस्लामिक स्टेट का सदस्य बताये जाने और ब्रसेल्स में दो स्वीडिश फुटबॉल प्रशंसकों की हत्या की बात स्वीकार किये जाने के बाद आई है। इसके अलावा 13 अक्टूबर को फ्रांस के उत्तरी शहर अर्रास में एक 20 वर्षीय व्यक्ति ने स्कूली शिक्षक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी और तीन अन्य को घायल कर दिया था। उस हमलावर और हत्यारे ने भी इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा जताई थी। इसके अलावा फ्रांस हाल ही में अपने इतिहास के सबसे बड़े दंगों के दौर से भी गुजरा है। उस दंगे का आरोप भी इस्लामिक कट्टरपंथियों पर ही लगा था। इसलिए इस्लामिक आतंकवाद के पांव पसारने संबंधी फ्रांस के राष्ट्रपति की टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण है। हम आपको यह भी बता दें कि मैक्रों ने अपने साक्षात्कार में कहा है कि सभी यूरोपीय देश असुरक्षित हैं क्योंकि वास्तव में इस्लामी आतंकवाद का पुनरुत्थान हो रहा है। इसके अलावा, फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने हाल की अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान वहां सुन्नी इस्लामी आतंकवादियों से खतरे की आशंका को देखते हुए वाशिंगटन को सावधान भी किया था। इसके अलावा, ब्रिटेन भी हाल के वर्षों में इस्लामिक कट्टरपंथ से उपजी कई घटनाओं का पीड़ित रहा है। वहीं इस्लामिक देशों की बात करें तो यह साफ नजर आ रहा है कि उनमें से कुछ देश धर्म के नाम पर लोगों को उकसाने का काम कर रहे हैं। जैसे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा है कि अगर गाजा में इजराइल के अपराध जारी रहे तो दुनिया भर के मुसलमानों की ओर से किये जाने वाले प्रतिरोध को कोई नहीं रोक पाएगा। देखा जाये तो यह खुलेआम धर्म के नाम पर लोगों को उकसाने का प्रयास है। इसके अलावा, जिस तरह से हिज्बुल्ला जैसे इस्लामिक आतंकवादी संगठन हमास के पक्ष में खड़े होकर आवाज बुलंद कर रहे हैं वह भी पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। तमाम वैश्विक मंचों की बैठक के दौरान बड़ी-बड़ी बातें कही जाती हैं लेकिन जरूरत इस बात की है कि आतंकवाद से निबटने को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया जाये और उसके स्वरूपों में अंतर नहीं कर सबके साथ सख्ती से निबटा जाये।

कैंसर अस्पताल को 42 लाख की चिकित्सीय उपकरण देगा पावर ग्रिड

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, वाराणसी में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, वाराणसी के मध्य पावरग्रिड की सी. एस.आर. पहल के तहत 42.41 लाख रुपये की लागत से भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा अनुदानित टाटा स्मारक केंद्र की वाराणसी स्थित इकाइयों महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल को कैंसर के इलाज हेतु विभिन्न प्रकार के चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए जाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। पावरग्रिड के अरुण कुमार राय, वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक (प्रशासन) माधो सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि पावरग्रिड अपने विद्युत पारेषण के मुख्य कार्य के साथ-साथ सीएसआर पहल के तहत समाज में योगदान देता रहा है इसी क्रम में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज हेतु भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीनस्थ टाटा स्मारक केंद्र के दो अत्याधुनिक सुविधाओं वाले अस्पताल महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक (प्रशासन) के अनुरोध पर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, सुंदर बगिया, वाराणसी एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल, लहरतारा, वाराणसी को कैंसर के इलाज हेतु चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर पावरग्रिड द्वारा सहमति प्रदान किया गया है। इस मौके पर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक डा. सत्यजीत प्रधान ने पावरग्रिड के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह कार्य मार्च 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा एवं इसके पूरा होने अस्पताल में सुविधाओं को मजबूती मिलेगी प्रदान किए जाने वाले चिकित्सीय उपकरणों की मदद से कैंसर से पीड़ित मरीजों का और बेहतर ढंग से इलाज संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में होमी भाभा कैंसर अस्पताल के उप निदेशक डा. बी के मिश्रा, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के जन संपर्क अधिकारी श्री अखिलेश पाण्डेय, पावरग्रिड, वाराणसी के मानव संसाधन प्रभारी बिनोद कुमार सहित पावरग्रिड एवं दोनों अस्पतालों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

काशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित दिन दयाल उपाध्याय के जन्म स्तब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होगा खेलों का आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। उपक्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है कि खेल निदेशालय उ०प्र० खेल भवन लखनऊ के निदेर्शानुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कुश्ती, हॉकी,

हैण्डबाल एवं बास्केटबाल प्रतियोगिताओं के आयोजन काशीराम स्पोर्टस स्टेडियम, संत कबीर नगर में निम्नलिखित तिथियों पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कुश्ती की स्टाइल की प्रतियोगिता निर्धारित भार वर्ग 57.61,65,70, 74,79,86,92.97. व 125 किग्रा कुल 10 भार श्रेणी का दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को प्रातः 09 बजे से मा० श्री काशी राम जी स्पॉर्ट्स स्टेडियम संतकबीरनगर के बहुउद्देशीय हाल में तथा जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग हैण्डबाल, हॉकी प्रतियोगिता दिनांक 27 से 28 अक्टूबर 2023 प्रात 09 बजे से मा० श्री काशी राम जी स्पॉर्टस स्टेडियम तथा जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 02 नवम्बर 2023 को प्रातः 09 बजे से सेन्ट थामस स्कूल संत कबीर में आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड और बैंक पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति जिस पर एकाउन्ट नम्बर आई०एफ०एस०सी० कोड शाखा का नाम एवं मोबाइल नम्बर स्पष्ट रूप से अंकित हो लेकर आना अनिवार्य है। कुश्ती में प्रत्येक भार वर्ग के प्रथम तीन खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि आर०टी०जी०एस० के माध्यम से उनके खाते में भेजी जायेगी तथा हॉकी, हैण्डबाल, बास्केटबाल प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेता खिलाडियों की पुरस्कार राशि आर०टी०जी०एस के माध्यम से उनके खाते में भेजी जायेगी।

संक्षिप्त खबरें

स्वामी प्लाई का भव्य उद्घाटन हुआ संपन्न

प्रखर वाराणसी। स्वामी प्लाई का भव्य उद्घाटन आज गंजगांव सीता रसोइया के सामने सारनाथ रोड पर शत्रुघ्न शर्मा के हाथों संपन्न हुआ ! प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता राम उदगार शर्मा ने ने बताया कि हमारे यहां हार्डवेयर प्लाईवुड की सारी रेंज उचित दाम पर उपलब्ध है ! नवरात्र के पावन अवसर पर 5 से 10% की छूट भी ग्राहकों को दी जा रही है उद्घाटन के समय मुख्य रूप से रामस्वरूप शर्मा योगेश्वर शर्मा लाल किशोर शर्मा प्रमोद शर्मा धर्मदेव शर्मा दुगार्नंद शर्मा खुशबू शर्मा प्रीति शर्मा विवेक शर्मा प्रतिभा शर्मा उपस्थित रहे।

बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत साक्षात्कार 02 नवम्बर 2023 को : सीडीओ

प्रखर संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने बताया है कि बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत विकास खण्डों पर आवेदन प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु सामान्य जाति हेतु 20 एवं अनुसूचित जाति हेतु 13 का लक्ष्य निर्धारित है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में जिला स्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति द्वारा विकास भवन, सन्त कबीर नगर के सभाकक्ष में दिनांक 02 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे आवेदकों का साक्षात्कार/चयन किया जाना है। उन्होंने सभी आवेदनकताओं को सूचित किया है कि अपने-अपने विकास खण्डों से सम्पर्क करके निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

पुलिस ने किया हत्या का सफल अनावरण, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों, वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पर दिनांक 11 अक्टूबर23 को पंजीकृत धारा 147/323/302/504/506 भादवि 3(1)(द)(ध)3(2)वी(1),(3)(5) एससी /एसटी एक्ट की गहन विवेचना एवं वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण मुन्ना राम पुत्र स्व0 बबलू राम उम्र करीब 23 वर्ष, रानी उर्फ गोविन्द राम उर्फ बच्ची पुत्र स्व0 बबलू राम उम्र करीब 19 वर्ष, माया देवी पत्नी स्व0 बबलू राम उम्र करीब 42 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम जगदीशपुर (बासगांव) थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निर्देशन में गुरुवार को प्रातः करीब 06 बजे घर से कही भागते समय प्रभारी निरीक्षक सैदपुर द्वारा रोककर पुछताछ करने के लिए थाने पर लाया गया उस दौराने पूछताछ अभियुक्त रानी उर्फ गोविन्द राम ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित मृतक प्रमोद राम को अपनी माता श्रीमती माया देवी पत्नी बबलू राम के साथ आपत्ति जनक स्थिति में सोया देखकर अपने भाई मुन्ना राम और माता माया देवी के साथ मिलकर सिर पर ईट से प्रहार कर मारकर हत्या किया जाना स्वीकर किया, तथा इनकी निशानदेही पर घर पर छिपाकर रखे गयी ईट तथा जिस चटाई पर मृतक सोया था उसे बरामद कर लिया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना सैदपुर मय टीम जनपद गाजीपुर स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

आदित्य चौरसिया ने जिले का बढ़ाया सम्मान, कराटे में जापान से मिला ब्लैक बेल्ट प्रथम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के खालिसपुर बवाड़े निवासी तथा यूनिवर्सल कराटे एसोसियेशन गाजीपुर के अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता आदित्य चौरसिया को जापान से ब्लैक बेल्ट प्रथम डिग्री से नवाजा गया है। उनकी कामयाबी से परिवार, गांव सहित जिले व प्रदेश का मान सम्मान बढ़ा है। आदित्य के मुख्य प्रशिक्षक अंबिका भारद्वाज ने बताया कि आदित्य चौरसिया शुरू से ही पांच साल की उम्र से कराटे की प्रैक्टिस कर रहे थे, जिसमें उनके माता-पिता का पूर्ण सहयोग रहा। शुरू से ही मेहनती और लगनशील आदित्य लगभग आठ वर्ष से कराटे प्रैक्टिस कर रहे हैं, और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। उनकी इस कामयाबी से कराटे परिवार और हमारी पूरी टीम और शुभचिंतकों की तरफ से आदित्य को ढेर सारी शुभकामनाएं मिली हैं। प्रशिक्षक भारद्वाज ने कहा कि इनके अलावा तेज प्रताप सिंह को भी ब्लैक बेल्ट से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त कलर बेल्ट परीक्षा में अनुष्का, सरोज, जागृति यादव, प्रांकुर यादव और समर प्रताप को येलो बेल्ट तथा समृद्धि राय, उत्कर्ष राय, तान्या सिंह को ऑरेंज बेल्ट व यशी, तान्या सिंह, कनिष्का मोदनवाल को ग्रीनबेल्ट, राजकुमार को ब्लू बेल्ट तथा आशुतोष शर्मा को ब्राउन तृतीया बीईएल प्राप्त हुआ। वहीं सौम्या चौरसिया को पर्पल बेल्ट और हिमांशु कुमार को ग्रीन बेल्ट प्राप्त हुआ। भारद्वाज ने सारे खिलाड़ियों को उनकी कामयाबी पर हार्दिक शुभकमनाएं दी। उन्होंने कहा कि कराटे में मानसिक विकास के लिए लगनशील, मेहनत और फोकस की बहुत आवश्यकता है और इस पर सभी खिलाड़ियों को ध्यान देने की जरूरत है।

आशापुर संसाधन केंद्र पर मंत्री द्वारा टेबलेट वितरण किया गया

प्रखर आशापुर वाराणसी। ब्लॉक संसाधन केन्द्र आशापुर पर उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री अनिल राजभर जी के प्रतिनिधि श्री संजय सिंह जी के कर कमलों से सब 218 टेबलेट का वितरण किया गया।प्रत्येक विद्यालय के प्र अ व एक वरिष्ठ स अ को एक एक टेबलेट दिया गया। कार्यक्रम की संयोजक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिरईगांव श्रीमती प्रीती सिंह थी।कार्यक्रम में श्री ज्योति भूषण त्रिपाठी अध्यक्ष उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ चिरईगांव, श्री रवींद्र नाथ यादव अध्यक्ष उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ , श्री मनीष कुमार कुशवाहा, वरुण चतुर्वेदी, संतोष तिवारी, रविशंकर पाण्डेय, आलोक मौर्य, नवीन मिश्रा, गौरव सिंह, अजय पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय, श्रीनिवासन सिंह ,आरती सिंह,, उत्तमारानी, अनिता यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

शाहगंज में डांडिया की खनक से गूंज उठा पंडाल

प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण वाटिका परिसर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया है। भव्य डांडिया उत्सव हुआ जिसमें काफी संख्या में युवक-युवतियों ने पहुंचकर डांडिया किया। अतिथि के रुप में शाहगंज के विधायक रमेश सिंह शामिल हुए। महोत्सव में शामिल लोग रंग-बिरंगे पोशाकों से सुसज्जित डांडिया की धुन पर खुब थिरके इस अवसर पर मां दुर्गा की स्तुति वंदना के साथ-साथ डांडिया की शुरूआत हुआ। कार्यक्रम आयोजक अनुपमा अग्रहरि व धीरज पाटिल ने अतिथियों को सम्मानित किया। वही कार्यक्रम प्रमुख संगीता अग्रहरि ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर उर्वशी सिंह, डाली जोशी, कुसुम जायसवाल, नम्रता बरनवाल, वेदप्रकाश जायसवाल, संजय अग्रहरि, सिम्पू अग्रहरि, कृष्ण कांत सोनी, रुपेश जायसवाल, घनश्याम, नीतिन मनीष, उज्जवल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में श्रम बन्धु समिति की बैठक हुई आयोजित, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक कल देर सांय कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिक पंजीयन की व्यवस्था एवं प्रति वर्ष नवीनीकरण एवं निर्माण कार्यस्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य है और निर्माण लागत के सापेक्ष व्यय का 01 प्रतिशत की धनराशि उपकर के रूप में बोर्ड के खाते में जमा करना अनिवार्य है। बैठक में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु बी०ओ०सी० बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की गतिशीलता प्रदान करने पर विचार विर्मश किया गया। अंसगठित क्षेत्र के कर्मकारों के लिए ई-श्रम कार्ड पंजीयन एवं प्रधानमंत्री अम योगी मानधन योजना की प्रगति के बारे में चर्चा की गई। दुकान व्यवसायिक प्रतिष्ठानों संस्थाओं कारखानों में नियोजित श्रमिकों एवं सेवायोजको के संबंधों पर विचार विमर्श किया गया एवं दुकानों प्रतिष्ठानों के पंजीकरण हेतु जानकारी प्रदान की गई तथा बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, सुभाष शुक्ला अध्यक्ष चौम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, अरविन्द पाठक अध्यक्ष उ०प्र० इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, श्रवण अग्रहरी जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल, रामलौट राही श्रमिक प्रतिनिधि के अतिरिक्त अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने किया 73वीं जिला स्तरीय तीन दिवसीय एथेलिटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। टाउन नेशनल इण्टर कालेज सैदपुर के प्रांगण में 73वीं जनपद स्तरीय त्रिदिवसीय एथेलिटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने गुब्बारा व कबूतर उड़ाकर खेल के शुभारम्भ की घोषणा की। उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि जीत हार से परे उठकर नियमार्न्तगत प्रतिभागियों को खेल भावना से युक्त होकर प्रतिभाग करने की सीख दी। इस अवसर विशिष्ट अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व चीफ प्राक्टर एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो0 अभिमन्यु सिंह ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद गाजीपुर डॉ उदयभान ने किया। यह प्रतियोगिता 18- 20 अक्टूबर, 2023 तक चलेगी।जिसमें 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष आयु वर्ग में दौड़, बाधा दौड़, लम्बी कूद, उॅंची कूद, डिस्क थ्रो, जवेलिन, गोला फेक, पोल वाल्ट, हैमर थ्रो आदि प्रतियोगिताये हो रही है। इस कार्यक्रम में वित्त व लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा विभाग जनपद गाजीपुर, जिला खेल संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय सिटी इण्टर कालेज विजय बहादुर सिंह, पूर्व क्रीड़ा सचिव विजय शंकर राय व अन्य प्रधानाचार्य तथा खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहें। आज की प्रतियोगिता में विद्यालय के क्रीड़ा अध्यापक डॉ रूद्र यादव ने बताया की 800 मी0 की 19 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में ब्यूटी चौहान, सरिता राजभर, निशा कुमारी, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष की आयु वर्ग में टाउन नेशनल इ0का0 सैदपुर की काजल पाल आदि ने प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त किये। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में कमलेश राम, अमित मिश्र, विजय विक्रम सिंह, संतोष शर्मा, डॉ राम कुमार चतुर्वेदी, डॉ0 हरिप्रकाश वर्मा, सत्येन्द्र यादव, वैभव निगम, अनिल राम, अमरजीत प्रसाद, लक्ष्मी राम, योगेन्द्र कुमार अशोक कुमार यादव, राजनारायण राम आदि लोग उपस्थित रहें।

बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा वृहद् वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बड़ौदा यू पी बैंक द्वारा चिरईगांव ब्लाक के ग्राम सिवो में वृहद् वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर ग्रामीणों को एक मैजिक शो के माध्यम से कलाकारों द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं, वित्तीय लेनदेन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, केसीसी, डिजिटल लेनदेन के जोखिम के जोखिम से होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया` उक्त कार्यक्रम में स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्र से लगभग 700 ग्रामीणों की सहभागिता रही जिनमें महिलाएं एवं पुरुष दोनों शामिल थे कार्यक्रम के मुख्य अथिति खंड विकास अधिकारी चिरईगांव राजेश बहादुर सिंह ने ब्लॉक के विकास मे बैंक के योगदान एवं ग्रामीणों को डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी एवं उससे होने वाले धोखाधड़ी के बारे में जागरूक किया गया` नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधन अनुज सिंह ने किसान क्रेडिट कार्ड एवं स्वयं सहायता समूह पर विस्तृत जानकारी दी ` आयोजित ग्राम चौपाल में क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार झा द्वारा मछली पालन, क्रेडिट कार्ड लोन, पशुपालन लोन सहित कई व्यवसाय एवं सभी प्रकार के रोजगार के लिए बैंक द्वारा ऋण के बारे में जानकारी दी।

मुख्य प्रबंधक डी.के.तिवारी ने बैंक की विभिन्न ऋण, जमा एव सामाजिक सरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं उपस्थित जनसमूह को अधिक से अधिक बैंकिंग योजनाओं का लाभ लेने के लिए उपस्थित ग्रामीणों को बैंक से जुड़ने का आवाहन किया। अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय से कार्यक्रम में उपस्थित विवेक पांडे ने वित्तीय धोखाधड़ी एवं इनसे कैसे बचा जा सकता है इसके प्रति जागरूक किया` वित्तीय साक्षरता सलाहकार दया प्रकाश पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया वित्तीय समावेशन अधिकारी राकेश कुमार ने ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन से संबंधित जनधन खाता खोलने एवं विभिन्न प्रकार के जमा ऋण योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, बड़ौदा यू पी बैंक उमरहां के शाखा प्रबंधक अभिषेक दुबे ,चंद्रा चौमुहानी शाखा के शाखा प्रबंधक सुधांशु तिवारी संदहा के शाखा प्रबंधक श्री सागर सुमन एवं सिंहपुर के शाखा प्रबंधक मिलन कुमार मिश्रा कॉर्पोरेट कंपनी के जिला समन्वयक श्री अश्वनी पटेल, अरविन्द कुमार, अमन पटेल,अश्वनी राजवंशी, विवेक विश्वकर्मा, मनीष सोनकर एवं बैंक पर्यवेक्षक सुरेन्द्र पाल एवं अनूप शर्मा उपस्थित थे।

पुलिस द्वारा अधिवक्ता की गाड़ी का चालान करने पर भड़के अधिवक्ता संघ

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। सीमावर्ती जनपद के फूलपुर तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया । उनका आरोप है कि संघ के अध्यक्ष लालचन्द्र यादव तहसील मुख्यालय घर से निकले। रास्ते मे अम्बारी चौराहे पर चौकी प्रभारी ने उनकी गाड़ी का चालान कर दिया। तहसील परिसर में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर चेताया कि जब तक दारोगा माफी नही मांगेगा तब तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। दरअसल बुधवार को संघ के अध्यक्ष लालचन्द्र यादव तहसील के लिए अपने घर से निकले। अम्बारी चौराहे पर चौकी प्रभारी यासीन खां ने उनकी गाड़ी का यातायात नियमों का हवाला देकर चालान कर दिया। आरोप है कि अधिवक्ता ने अपना परिचय भी दिया लेकिन उन्होंने एक नही सुनी । संघ के अध्यक्ष ने तहसील पहुँचकर कर अपने साथ हुई घटना का जिक्र साथियों को किया तो अधिवक्ता संघ आक्रोशित हो उठा। भारी संख्या में वकील परिसर में जुलूस निकालकर तहसीलदार कोर्ट के सामने जमकर नारेबाजी और हंगामा किया । आक्रोशित वकीलों ने तहसीलदार चमन सिंह को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान नेतृत्व कर रहे पूर्व अध्यक्ष इंदु शेखर पाठक, मंत्री फूलचन्द्र ने कहा कि जब तक चौकी प्रभारी तहसील आकर अपने कृत्य के लिए माफी नही मांगेंगे तब तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे । इस मौके पर प्रमुख रूप से महेंद्र कुमार, नीरज पांडेय, अब्दुल अहद, इश्तियाक अहमद, अंगद यादव, जलालुद्दीन, इंद्रेश कुमार, ब्रजेश सिंह, अकबाल, इम्तियाज, अतुल रॉय समेत बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे।

अंसारी गिरोह के सदस्य मेहरुद्दीन खाँ के भांजे शाहिद रजा की 1 करोड़ की अचल सम्पत्ति कुर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन द्वारा चिन्हित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 13 सितंबर 23 को प्रभारी निरीक्षक/ विवेचक थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर द्वारा दिनांक 18अक्टूबर 23 को पारित कुर्की आदेश अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत, मुख्तार अंसारी का खास गुर्गा मेहरुद्दीन खाँ उर्फ नन्हे खाँ पुत्र स्व0 अजीमुल हक अपने भांजे शाहिद रजा खान पुत्र सदरुल खान निवासी ग्राम फतेहपुर अटवा, तहसील सदर गाजीपुर ,हाल पता 10/35 मिल्लतनगर फनहरा, ओबरा सोनभद्र की अचल बेनामी सम्पत्ति जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत करीब 01 करोड़ रुपये है, को आज दिनांक गुरुवार को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में अर्जित बेनामी अचल संपत्ति जो कि अपने भांजे शाहिद रजा खान पुत्र सदरुल खान के नाम पर क्रय किया है। जिसके अनुसार दिनांक 25 नवम्बर 2021 को अपने भांजे शाहिद रजा खान पुत्र सदरुल खान निवासी ग्राम फतेहपुर अटवा,तहसील सदर जनपद गाजीपुर हाल पता 10/35 मिल्लतनगर फनहरा,ओबरा सोनभद्रके नाम से मीजा महेन्द्र परगनाव तहसील मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर में आ0न0-429 रकबा 0.5510 हे0 में 1/6 भाग 0.0918 हेक्टेयर, आ0न0 402 रकबा 0.1230 हे0 व आ0न0-404 रकबा 0.1170 हे0 में कुल 02 गाटा सम्पूर्ण रकबा 0.2400 हे0 का 1/6 यानि 0.0400 हे0 क्रय किया गया, जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत एक करोड़ है। अभियुक्त के ऊपर जनपद बलिया सहित गाजीपुर के विभिन्न थानों में गैंगस्टर एक्ट, गुण्डा अधिनियम सहित कई मुकदमें दर्ज हैं।

ब्लाक मुख्यालय से निकाली गयी अमृत कलश यात्रा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों से एकत्रित किए गये मिट्टी व अक्षत को गुरुवार को पिंडरा ब्लाक मुख्यालय से ब्लॉक प्रमुख व अधिकारियों ने अमृत कलश यात्रा निकालकर शहीद उद्यान (सिगरा) पर पहुचे और जमा किया। रैली में चल रहे लोग हांथो में तिरंगा लिए भारत माता की जय का उदघोष करते हुए चल रहे थे। गांवों से आयी हुई मिट्टी व अक्षत को ब्लाक मुख्यालय पर घड़ो में एकत्रित कर वाहन पर रखकर ढोल-नगाड़े बजाते हुए ले जाया गया। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पूर्व ब्लॉक परिसर से एक किमी तक कलश यात्रा पैदल गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह, पवन सिंह, बीडीओ छोटेलाल तिवारी, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, प्रियंका मिश्रा, बृजेश पांडेय, धर्मेंद्र सिंह समेत सेक्रेटरी, ग्राम प्रधान व सफाईकर्मी रहे।

विहिप के अनुसांगिक संगठन मातृशक्ति ने द्वारा किया गया शस्त्र पूजा

प्रखर दानगंज वाराणसी। स्थानीय क्षेत्र के महमूदपुर में विश्व हिंदू परिषद के अनुसांगिक संगठन मातृशक्ति द्वारा नवरात्रि के पांचवें दिन शस्त्र पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रथम शत्र पूजा करके मां दुर्गा की आराधना की गई। इसके बाद दर्जनों की संख्या में पहुंची मातृ शक्तियों का सम्मान भी किया गया। समारोह के दौरान दर्जनों महिलाओं का सम्मान किया गया। बोलते हुए मनोज पाण्डेय ने कहा कि मातृ शक्ति का सम्मान ही ईश्वर का आशिर्वाद है। आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका कार्य समाज के लिए सदैव प्रेरणा दायक रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में जिला अर्चक प्रमुख मनोज पांडे, सह अर्चक प्रमुख संपूर्णा तिवारी, महिला शक्ति प्रमुख अर्चना तिवारी, महिला शक्ति प्रमुख बिंदु देवी, दुर्गा वाहिनी प्रमुख, मातृशक्ति काशी प्रांत संयोजिका रागिनी मिश्रा, काशी नगर उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद उमेश चंद्र मिश्र, प्रखंड अध्यक्ष चोलापुर विहिप आदि सहित दर्जनों की संख्या में मातृ शक्ति एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राकेट से अस्पताल में हुई मौतों के लिए हमास जिम्मेदार : इजराइल

हमले में 500 से अधिक लोगों की जान गई

यरूशलम । गाजा पट्टी के एक अस्पताल में पांच सौ लोगों की मौत गाजा के आतंकवादी समूह हमास के असफल रॉकेट प्रक्षेपण के कारण हुई। वहीं इजराइल ने इस बात के समर्थन में दो आतंकियों का वीडियो जारी किया।

इजरायली सेना ने बुधवार को इस आशय का दावा किया। आईडीएफ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि आईडीएफ ऑपरेशनल सिस्टम के विश्लेषण से, एक दुश्मन रॉकेट बैराज को इजरायल की ओर ले जाया गया। सेना ने कहा कि हमारे हाथ लगे कई स्रोतों से मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि गाजा में अस्पताल पर हमला करने वाले असफल रॉकेट प्रक्षेपण के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है। वहीं फिलिस्तीनी मीडिया ने दावा किया कि अस्पताल पर हुए इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 500 लोग मारे गए।

इस 'नरसंहार' के विरोध में फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने तीन दिनों के शोक की घोषणा की। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक रॉकेट अस्पताल पर गिरा, जिससे उसके परिसर में एक बड़ा विस्फोट हुआ।

गाजा में लीव जोन घोषित

इजराइल ने बाइडेन की विजिट से पहले गाजा में लीव जोन (मानवीय क्षेत्र) की घोषणा की है। इजराइली सेना ने अल-मवासी को रिलीफ एरिया घोषित किया है। यहां लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने के लिए मदद दी जाएगी। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक मिस्र, अमेरिका ने इजराइल सेना से गाजा के लोगों को इवैक्यूएट करने के लिए सुरक्षित जगह और रास्ता बनाने की बात कही थी, जिसके बाद मानवीय क्षेत्र (रिलीफ एरिया) बनाया गया। सेना ने कहा- फिलिस्तीनी मदद के लिए खान युनिस के पास अल-मवासी जाएं।

पहले से ज्यादा मजबूत होकर उभरेगा इजराइल : बाइडेन

इजराइल की यात्रा पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मिलने के बाद कहा कि ऐसा लगता है कि गाजा में धमाका किसी और टीम द्वारा अंजाम दिया गया है। बाइडन ने कहा कि इस घटना से उन्हें गहरा दुख और क्षोभ हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जो कुछ मैंने देखा उस आधार पर लगता है कि आप ने नहीं बल्कि, यह काम किसी अन्य टीम द्वारा किया गया है। लेकिन ऐसे बहुत लोग हैं जिन्हें ये पता नहीं है, इसलिए हमें बहुत सारी चीजों को काबू करना है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बुधवार को इजराइल के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए वहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा- पहले से ज्यादा मजबूत होकर इजराइल उभरेगा। बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इजराइल पहुंचे और गाजा और पश्चिमी तट के फिलिस्तीनी क्षेत्रों के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद की घोषणा की। उन्होंने इसराइल को पूरा समर्थन देने की बात कही और बताया कि इजराइली कैबिनेट, मिस्र से गाजा में मदद आने देने के लिए तैयार हो गई है।

गाजा की स्थिति बेहद खराब: यूनिसेफ

यूनिसेफ के मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका कार्यालय के प्रवक्ता सलीम ओबेस ने अस्पताल पर हमले की निंदा करते हुए इसे भयानक और अस्वीकार्य बताया है गाजा में मानवीय स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर स्थिति है। ओबेस ने अल जज़ीरा को बताया कि अभी गाजा में बच्चों और परिवारों के लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मुद्दों और घटती आपूर्ति के कारण यूनिसेफ वर्तमान में अपना सामान्य काम करने में सक्षम नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य टोर वेन्नेसलैंड का कहना है कि गाजा में युद्ध जितना लंबा चलेगा, क्षेत्रीय तनाव उतना ही बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आगे चलकर स्थिति और खतरनाक हो सकती है, जिससे व्यापक युद्ध बढ़ सकता है।

ओडिशा में करोड़ों रुपए की संपत्ति का भंडाफोड़

भुवनेश्वर । ओडिशा सतर्कता के अधिकारियों ने बुधवार को अंगुल जिले में एक जूनियर इंजीनियर के कब्जे से करोड़ों रुपये की चल और अचल संपत्ति का भण्डाफोड़ किया। जूनियर इंजीनियर प्रसन्ना कुमार पाणि से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी के दौरान सतर्कता अधिकारियों ने भुवनेश्वर में तीन बहुमंजिला इमारतों और एक प्लेट सहित पांच इमारतें, 17 भूखंडों, 51 लाख रुपये से अधिक की जमा राशि, 3.21 लाख रुपये नकद के साथ अन्य संपत्तियों का पता लगाया है। पाणि अंगुल के पल्लाहारा के बीडीओ कार्यालय में समग्र शिक्ष्य अभिजाना के कनिष्ठ अभियंता (तकनीकी सलाहकार) के रूप में काम कर रहे थे।

सामान उतारना भूले, फ्लाइट लौटी वापस

बेंगलुरु । बेंगलुरु के लिए उड़ान भर चुकी इंडिगो की एक फ्लाइट को बुधवार को वापस सिंगापुर लौटना पड़ा। दरअसल एयरलाइन कर्मचारी उन पैसेंजर्स का पूरा सामान उतारना भूल गए थे जिन्होंने इस प्लेन से बेंगलुरु से सिंगापुर यात्रा की थी। फ्लाइट संख्या 6ई-1006 ने सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट से सुबह 5.35 बजे उड़ान भरी थी। फ्लाइट 6.57 बजे वापस चांगी उतरी। सामान उतारने के बाद प्लेन ने फिर सुबह 10.12 बजे चांगी से उड़ान भरी। इस कारण फ्लाइट करीब 4 घंटे की देरी से बेंगलुरु पहुंच सका। एक बयान में इंडिगो ने अपनी गलती के लिए यात्रियों से माफी मांगी।

एएमयू की 300 छात्राएं हुईं बीमार, अस्पताल में भर्ती

अलीगढ़ । उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की 300 छात्राएं फूड प्वॉइजनिंग के चलते बीमार हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। बुधवार की सुबह बड़ी संख्या में छात्राओं में फूड प्वाइजनिंग की लक्षण दिखाई दिए। दोपहर तक लगभग सभी छात्राओं को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। विवि के अस्पताल जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के चीफ सुप्रीटेंडेंट डॉ. हैरिस मंजूर खान ने कहा कि छात्राओं की मॉनीटरिंग जारी है। एएमयू के बेगम अज़ीज़ुन निसा हॉल में 1,500 के रहने की क्षमता है। अधिकारियों ने कहा कि फूड इंस्पेक्टर ने खाने का सैंपल इकट्ठा किया गया है उसे जांच के लिए भेजा गया है।

आतंकी हमले में दो पर्यटक व स्थानीय गाइड की मौत

काम्पला, (एजेंसी)। पश्चिमी युगांडा के क्वीन एलिजाबेथ नेशनल पार्क में आतंकवादियों ने एक सफारी वाहन को निशाना बनाया, जिसमें सवार दो विदेशी पर्यटक और एक स्थानीय गाइड की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, कि हमें क्वीन एलिजाबेथ नेशनल पार्क में दो विदेशी पर्यटकों और एक स्थानीय के गाइड पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की जानकारी मिली। इस हमले में तीनों की मौत हो गई और उनका सफारी वाहन जलकर नष्ट हो गया। पुलिस ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के विद्रोहियों पर हमले का आरोप लगाया।

पुरकायस्थ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज़ पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की अयाचिका पर वह गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई 19 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी कि वह संबंधित फाइल का अवलोकन करना चाहती है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

आज का इतिहास

- **1630:** बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन हुआ था।
- **1689:** रायगढ़ के किले पर औरंगजेब ने कब्जा किया।
- **1722:** फ्रांस के सी. होफर ने फायर फाइटर का पेटेंट कराया था।
- **1739:** इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1745:** गुलिवर ट्रैवल बुक लिखने वाले जोनाथन स्विफ्ट का निधन।
- **1950:** चम्बो का युद्ध खत्म हुआ। इसे चीन में लिबरेशन ऑफ तिब्बत भी कहा जाता है। यह युद्ध 6 अक्टूबर को तिब्बत और चीन के बीच शुरू हुआ था।
- **1960:** नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को गिरफ्तार किया गया था।

अदाणी ने किया 32 हजार करोड़ रुपए का कोयला घोटाला: राहुल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अदाणी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अदाणी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ीं हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता से 32000 करोड़ रु.डकार गए हैं। अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनका कहना था कि अदाणी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है।

श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अदाणी समूह ने पूरा 32,000 करोड़ रुपए का घोटाला किया है।

उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार

कोयला घोटाला: आमजन की जेब से अदाणी ने निकाले 12,000 करोड़ रु.

राहुल गांधी का कहना है कि अदाणी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अदाणी ने देश में 32,000 करोड़ रुपए का कोयला घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। बिजली की कीमतें बढ़ने की वजह कोयला घोटाला कर अडानी द्वारा आपकी जेब से निकल गए 12,000 करोड़ है जो बढ़कर अब 32000 करोड़ रुपए का घोटाला हो गया है।

तेलंगाना में राहुल और प्रियंका ने किया रोड शो

हैदराबाद । कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को बस यात्रा के साथ पार्टी के अभियान की शुरुआत कर चुके हैं। दोनों कांग्रेसी नेता विशेष विमान से दोपहर के साढ़े तीन बजे बेगमपेट एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से दोनो हेलीकॉप्टर से रमप्पा मंदिर गए। दर्शन के बाद राहुल और प्रियंका ने बस यात्रा लॉन्च की। बाद में वे एक रैली में भी शामिल हुए और महिलाओं से भी मिले। एक सभा के बाद प्रियंका दिल्ली लौट गई, लेकिन राहुल गांधी अब अगले तीन दिन रहकर यहां चुनाव प्रचार करेंगे। राहुल तीन दिन में 18 निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करेंगे। पार्टी के सूत्र ने बताया कि प्रियंका गांधी रैली के बाद नई दिल्ली वापस लौट गईं, लेकिन राहुल राज्य में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कांग्रेस विधायक दानसारी अनसूया ने मीडिया को बताया कि राहुल गांधी बुधवार रात भुपलपल्ली में रुकेंगे।

एक हफ्ते में भारतीय सेना को देश से निकाल दूंगा

मालदीव के राष्ट्रपति मइज्जू बोले

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कार्यभार संभालते ही भारत के लिए तल्ख लफ्जों का इस्तेमाल किया है। मालदीव के नव नियुक्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के लिए तल्ख लफ्जों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि वो पदभार संभालने के एक हफ्ते के भीतर मालदीव से भारतीय सेना को बाहर कर देंगे। उन्होंने हाल ही में अल जजीरा को इंटरव्यू में यह बयान दिया है। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जिस दिन वो पदभार संभालेंगे उस दिन वो भारतीय सैनिकों को मालदीव से वापस जाने के लिए अनुरोध करेंगे। बता दें मोहम्मद मोइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। मुइज्जू ने पिछले महीने इब्राहिम सोलिह को हराया था। इब्राहिम सोलिह को भारत समर्थक माना जाता रहा है।

भाजपा ने मिजोरम में चुनाव के लिए 21 प्रत्याशी उतारे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भाजपा ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 21 उम्मीदवारों की दो सूचियां जारी कीं। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने इन सूचियों को जारी करते हुए कहा कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी है। पहली सूची में 12 और दूसरी सूची में नौ उम्मीदवार हैं।

इन 21 उम्मीदवारों में चार महिलाएं हैं। भाजपा ने छग विधानसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार की तीसरी सूची जारी की। भाजपा ने पंडरिया विधानसभा सीट के लिए भावना बोहरा को उम्मीदवार बनाया है। मिजोरम में सात नवंबर को तथा छग में 07 एवं 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

रघुवर दास बने ओडिशा के राज्यपाल वहीं त्रिपुरा के राज्यपाल बने इंद्र सेना रेड्डी

नियुक्तियां

नई दिल्ली । झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान जारी कर ये जानकारी दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आदेश पर यह नियुक्तियां हुई। दोनों पदों पर नियुक्ति उस तारीख से प्रभावी होंगी जब दास और नल्लू अपने-अपने कार्यभार संभालेंगे। रघुवर दास फिलहाल बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वो 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हैं। वहीं इंद्र सेना रेड्डी नल्लू तेलंगाना से बीजेपी के नेता और राष्ट्रीय महासचिव हैं। बता दें कि तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव है। इस समय राज्य में केसीआर के नेतृत्व में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार है। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। इसी दिन मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में भी मतों की गिनती होगी।

दिहाड़ी मजदूर का एक साथ तीनों सेनाओं में हुआ चयन

बाड़मेर, (ब्यूरो)। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर के एक छोटे से गांव के एक युवा भाचभर निवासी प्रवीण ने 7 महीने गुजरात के मोरबी में दिहाड़ी मजदूरी की और अब उसका एक साथ तीनों सेनाओं में चयन हो गया है। घर के मुफलिसी के हालातों में कई महीनों तक गुजरात के मोरबी में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले बाड़मेर के प्रवीण चौधरी का एक साथ भारत की तीनों सेना में चयन हुआ है।

बाड़मेर के छोटे से गांव भाचभर के रहने वाले प्रवीण की इस बेमिसाल सफलता से घर का हर सदस्य बेहद खुश है। प्रवीण बताते हैं कि उसके पिता रेलवे से सेवानिवृत्त हैं और घर में चार बहनों की शादी के बाद उसका परिवार आर्थिक रूप से टूट गया, ऐसे में बाहरवीं की पढ़ाई के बाद वह गुजरात के मोरबी में मजदूरी करने चला गया, लेकिन मन में भारतीय सेना में जाने का जज्बा कम नहीं हुआ। प्रवीण ने अपनी मेहनत को कायम रखा और पहले प्रयास में ही आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में इनका चयन हुआ है।

वह बताते हैं कि वह आर्मी जॉइन करेंगे। अपने सफर को लेकर वह बताते हैं कि उनके पिता देवाराम पोटलिया और माँ लक्ष्मी देवी ने उसका बहुत सहयोग किया। प्रवीण का सपना है कि वह आर्मी का बड़ा ऑफिसर बनकर देश की सेवा करे।

नौकरी से निकाले गए कांस्टेबलों को सभी सेवा लाभ मिले

प्रयागराज, (ब्यूरो)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सरकार के कार्यकाल में 2005- 06 बैच की भर्ती में नियुक्त होने के बाद बसपा शासन में नौकरी से निकाले कांस्टेबिलों को 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें वेतन वृद्धि, पदोन्नति, समेत सभी सेवा लाभ देने पर सरकार को आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश उप्र शासन द्वारा जारी शासनादेश 17 फरवरी 2022 में प्रतिपादित व्यवस्था को आधार बनाते हुए पारित किया है।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने मथुरा, गौतम बुद्ध नगर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, जिलों में तैनात हेड कांस्टेबिलों तथा कांस्टेबिलों द्वारा संयुक्त रूप से अलग-अलग दाखिल विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया है। कान्स्टेबल नीरज कुमार पाण्डेय, रामकुमार, दीपक सिंह पोसवाल, रेखा गौतम, प्रमोद यादव व कई अन्य ने मांग की थी कि शासनादेश 17 फरवरी 2022 के अनुपालन में 2005 -2006 बैच के आरक्षी सिविल पुलिस,आरक्षी पीएसी, सहायक परिचालक रेडियो विभाग के कांस्टेबिलों को 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें समस्त सेवालाभ अनुमन्य कराया जाय।

कांग्रेस की पहली सूची अटकी गहलोत के प्रयासों को झटका

राजस्थान विस चुनाव

जयपुर, (ब्यूरो)। राजस्थान में विस चुनाव के लिए कांग्रेस में टिकटों का मसला एक बार फिर से उलझ गया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि एक सप्ताह पहले ही तय कर लिया था कि बुधवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद टिकटों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से भेजी गई करीब 100 सीटों पर सिंगल नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। करीब एक दर्जन सीटों पर केंद्रीय चुनाव समिति ने आपत्ति जताई है। हालांकि बिना विवाद वाली सीटों पर नाम तय हो गए हैं। लेकिन आपत्ति के बाद अब सूत्रों का दावा है कि सूची जारी करने में अभी वक्त लग सकता है। माना जा रहा है कि अब सूची जारी होने में करीब तीन दिन का वक्त लग सकता है। 20 अक्टूबर को दौसा के सिकराय में प्रियंका गांधी की जनसभा है। अब सूची 20 अक्टूबर को प्रियंका की रैली के बाद ही जारी हो होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में पांचों आरोपी दोषी करार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में पांचों आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। दोषियों की सजा पर 26 अक्टूबर को बहस होगी। हत्या के 15 साल बाद साकेत कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुनाया है। 2008 में हुई सौम्या विश्वनाथन की हत्या में शामिल पांचों आरोपियों को बुधवार को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 30 सितंबर 2008 की तड़के करीब 3130 बजे नेल्सन मंडेला रोड पर सौम्या की चलती गाड़ी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कोर्ट में 26 अक्टूबर को सजा पर बहस होगी। कोर्ट ने आरोपियों रवि कपूर, बलजीत मलिक, अमित मलिक, और अमित शुक्ला को हत्या के लिए दोषी करार दिया है।

मनी-लॉन्ड्रिंग कानून पर सुनवाई 22 नवंबर को

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को लेकर दाखिल रिव्यू पिटीशन पर 18 अक्टूबर को सुनवाई हुई। बेंच ने कहा कि हम फैसले पर नहीं, बल्कि उसके कुछ प्वाइंट्स पर विचार कर रहे हैं। केस की सुनवाई के लिए एक दिन तय करेंगे, हर पक्ष को दलील देने के लिए हाफ सेशन मिलेगा। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कई प्रावधानों को गैर-संवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने जुलाई 2022 में मामले पर सुनवाई करते हुए कानून को सही ठहराया।

Filmi तड़का

यूटी 69 ट्रेलर आउट : जेल में ऐसे गुजरे शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के दिन

मुंबई । बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर बनी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का नाम यूटी 69 रखा गया है। खुद शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज करके पति की हौसला अफ़ज़ाई की है। इस फिल्म के जरिए पोर्नोग्राफी केस में फंसे राज कुंद्रा अपनी बेगुनाही की सफाई देना चाहते हैं। इस फिल्म के जरिए प्रोड्यूसर कुंद्रा खुद पर्दे पर एक्टिंग करते दिखेंगे। ट्रेलर की पहली झलक में राज कुंद्रा को जेल में दिन गुजारते देखा जा सकता है। बाकी आम कैदियों के साथ फिल्मी सेलिब्रिटी कुंद्रा की रातें बेहद मुश्किल से कटती नजर आ रही हैं राज कुंद्रा पर बनी फिल्म का नाम अंडर ट्रायल 69 (यूटी 69) रखा गया है। ये मुंबई की आर्थर रोड जेल की उस बैरक का नाम है जिसमें राज कुंद्रा बतौर कैदी बंद थे। उन्होंने जेल में करीब 64 दिन बिताए थे। ट्रेलर की शुरुआत में राज कुंद्रा पर लगे पोर्नोग्राफी के आरोप का मीडिया ट्रायल दिखाया गया है। फिर फिल्म में राज कुंद्रा की एंट्री होती है। कैदियों के साथ उनकी मुश्किलें दर्शाई गई हैं। कैसे वो एक सेलिब्रिटी होते हुए भी जेल में एक कैदी की तरह रहते हैं। न ढंग का खाना है न ही बिस्तर...एक सीन में राज कुंद्रा को पुलिस ट्रायल के दौरान न्यूड होते भी दिखाया गया है तो एक सीन में वो बुरी तरह रोते-बिलखते भी नजर आते हैं।

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फाइटर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में 100 डेज टू फाइटर और कैप्शन में लिखा, फाइटर 100 दिन में आ रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। इनके अलावा करण सिंह ग्रोवर और तलत अजीज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म एरियल एक्शन है।

परिवारवाद वाले बयान पर 24 घंटे में ही पलटे शशि थरूर

पहले कहा- कांग्रेस परिवार से चलने वाली पार्टी, अब बोले- गांधी परिवार पार्टी की ताकत

नई दिल्ली । कांग्रेस को परिवारवाद वाली पार्टी बताने वाले बयान से सांसद शशि थरूर ने किनारा कर लिया है। थरूर ने बुधवार को सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा- मैंने पार्टी को लेकर ऐसा कुछ नहीं कहा। मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। थरूर ने कहा- सोमवार को मैंने एक निजी कार्यक्रम में जो बयान दिया था, वह कोई फॉर्मल स्टेटमेंट नहीं था। मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया। मैंने बार-बार कहा है कि नेहरू/गांधी परिवार का डीएनए कांग्रेस पार्टी के साथ अटूट रूप से जुड़ा हुआ है। परिवार ही पार्टी की ताकत है। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि राहुल गांधी पार्टी के सबसे पसंदीदा नेता हैं।

राहुल या खड़गे को कांग्रेस बना सकती है पीएम प्रत्याशी

पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि 2024 लोकसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन जीतती है तो कांग्रेस की ओर से पीएम पद का दावेदार कौन होगा? उन्होंने कहा कि 2024 के चुनावों के नतीजे चौंकाने वाले हो सकते हैं क्योंकि विपक्ष एकजुट हो चुका है। चुनाव परिणाम के बाद सभी पार्टियों को एक साथ आना होगा व किसी एक नेता को चुनना होगा। मेरा मानना है कि कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे या राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की पेशकश कर सकती है।

भगवान श्री राम पहुचे अनुसुइया आश्रम, लक्ष्मण ने काटी सुर्पनखा की नाक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अति प्राचीनतम सेवराई गढ़ी ग्राम रामलीला समिति सेवराई द्वारा सोमवार की रात्रि नककटैया रामलीला का सजीव मंचन किया गया ।उपस्थित लीला प्रेमियों ने रामलीला का आधी रात बाद तक रामलीला का जमकर आनंद उठाया। रामलीला की शुरूआत प्रभु श्री राम पत्नी सीता फूलों से श्रृंगार कर रहे थे । यह सब देखकर जयंत राम के बल की परीक्षा लेने के लिए जनक नंदिनी सीता को चोंच मारकर राम को चुनौती दे दिया । राम ने बिना फर का बांण छोड़कर कर जयंत का अपनी ताकत का एहसास दिला दिया । श्रीराम का छोड़ा गया बाण उसका पीछा करने लगा व्याकुल जयंत नारद, ब्रह्मा व शिव के पास पहुंचकर अपने प्राण बचाने का गुहार लगाया, लेकिन उसकी रक्षा किसी ने नहीं किया । अंत में थक हार कर पुनः श्रीराम को चरणों में जाकर शरणागत हो गया ।राम ने उसकी एक आंख फोड़ कर उसको अभयदान दे दिया । जंगल में घूमते हुए ऋषि महर्षियों से भेंट मुलाकात होते हुए अनुसूईया के आश्रम में पहुंचे । राम के साथ पहुंची सीता को अनुसूईया ने नारी धर्म की शिक्षा दिया । आगे बढ़ते हुए बन में पंचवटी पहुंचे । रावण की बहन शूर्पणखा पंचवटी में राम और लक्ष्मण के सुंदर रूप को देखकर मोहित हो गई और उनसे विवाह करने के लिए सुंदरी का रूप धारण कर अपने मायावी सुंदरी रूप से राम व लक्ष्मण को आकर्षित करने का प्रयास करने लगी । राम और लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा को कोई भी महत्व नहीं दिए जाने से क्रोधित सूर्पनखा अपना भयंकर रूप धारण कर सीता को डराने का प्रयास करने लगी। लक्ष्मण में शूर्पणखा का नाक और कान काट दिया रोती बिलखती शूर्पणखा पंचवटी से भाग खड़ी हुई । दर्शकों में रामलीला का खूब आनंद उठाया । राम की भूमिका में रजनीश सिंह ,लक्ष्मण सूरज सिंह, अनुसुइया चंद्रमणि ,सरभंग ऋषि के किरदार में मनोज सिंह व शूर्पणखा अश्वनी सिंह ,गोपाल यादव व लालू यादव ने संयुक्त रूप से निभाया । इस मौके पर व्यास दीनानाथ गिरी ,अध्यक्ष संजय सिंह ,वशिष्ठ सिंह ,अभिमन्यु सिंह, उपसचिव सत्यजीत सिंह ,राहुल सिंह, निर्देशक राम अवधेश शर्मा , गौरव सिंह, रामजी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।मंच संचालन सचिव सुमन्त सिंह सकरवार ने किया ।

कलारत्नम से शिक्षक के पुरस्कृत होने पर किया गया सम्मानित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित अंतराष्ट्रीय फेसबुक समूह कला प्रतियोगिता में कलारत्नम सम्मान से सम्मानित होने के बाद गुरुवार को शिक्षक संतोष कुमार को सम्मानित किया गया। खालिसपुर स्थित प्रेमबहादुर सिंह इंटर कालेज के शिक्षक सन्तोष कुमार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वाराणसी में अगस्त माह में आयोजित प्रतिभागियों के बीच अच्छा प्रदर्शन करने पर 10 स्थान मिला और 8 अक्टूबर को प्रमाण पत्र मिलने पर कालेज परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत प्रधानाचार्य जटाशंकर सिंह ने अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, मॉरीशस व भारत समेत अनेक देशों के 398 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे 20 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया। 10 वा स्थान पाने पर शिक्षक सन्तोष कुमार को कलारत्नम एवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

IPEF पर अभी फैसला नहीं

■ समूह के 'व्यापार स्तंभ' में शामिल होने पर भारत की तरफ से अभी नहीं लिया गया कोई अंतिम निर्णय

■ चार स्तंभों पर टिका है 14 देशों के इस समूह का ढांचा ■ ढांचे के तीन स्तंभों पर पहले से ही सहमत है भारत

नई दिल्ली (भाषा)। भारत ने अभी 14वें हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) के 'व्यापार स्तंभ' में शामिल होने के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईपीईएफ एक 14 सदस्यीय समूह है। अमेरिका और एशिया-प्रशांत के अन्य भागीदार देशों ने 23 मई को टोक्यो में आईपीईएफ की शुरुआत की थी। इन 14 आईपीईएफ भागीदारों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40 प्रतिशत हिस्सा है। इसी तरह वैश्विक वस्तु एवं सेवा कारोबार में समूह की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत की है। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (कर और भ्रष्टाचार



रोधी मुद्दे) से संबंधित चार स्तंभों के आसपास टिका है। व्यापार को छोड़कर अन्य तीन स्तंभों में भारत शामिल हो गया है। सदस्य देश इन विषयों पर अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर के लिए बातचीत कर रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने पर बातचीत पहले ही पूरी हो चुकी है और भारत में इस करार के लिए घरेलू स्तर पर अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सदस्य राष्ट्र छठे दौर की वार्ता के तहत स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था स्तंभ पर बातचीत कर रहे हैं। यह वार्ता 15 अक्टूबर से क्वालालंपुर में चल रही है और 24 अक्टूबर को पूरी होगी। भारत की ओर वाणिज्य मंत्रालय बातचीत की अगुवाई कर रहा है। मंत्रालय व्यापार स्तंभ में शामिल होने की संभावना के तहत अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श कर रहा है। अधिकारी ने कहा, 'हम इसपर नजर रख रहे हैं, जानकारी जुटा रहे हैं। हमने अभी तक व्यापार स्तंभ में शामिल होने पर निर्णय नहीं लिया है।

आस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, अमेरिका और वियतनाम इस गुट के सदस्य हैं। अधिकारी ने कहा कि भारत के पास किसी भी समय व्यापार स्तंभ में शामिल होने का विकल्प है। इससे पहले विशेषज्ञ सुझाव दे चुके हैं कि भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आईपीईएफ वार्ता के नतीजे हरित उत्पाद जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन जैसे घरेलू नीतिगत विकल्पों को प्रभावित नहीं करें।

■ कुल वैश्विक अर्थव्यवस्था में है इन 14 देशों की 40 फीसद की हिस्सेदारी
■ वैश्विक वस्तु एवं सेवा कारोबार में है इन देशों की 28 फीसद हिस्सेदारी
■ व्यापार स्तंभ में शामिल होने पर भारत की तरफ से जल्द लिया जाएगा फैसला

भगवान श्री राम पहुंचे अनुसुइया आश्रम, लक्ष्मण ने काटी सुर्पनखा की नाक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अति प्राचीनतम सेवराई गढ़ी ग्राम रामलीला समिति सेवराई द्वारा सोमवार की रात्रि नककटैया रामलीला का सजीव मंचन किया गया ।उपस्थित लीला प्रेमियों ने रामलीला का आधी रात बाद तक रामलीला का जमकर आनंद उठाया। रामलीला की शुरूआत प्रभु श्री राम पत्नी सीता फूलों से श्रृंगार कर रहे थे। यह सब देखकर जयंत राम के बल की परीक्षा लेने के लिए जनक नंदिनी सीता को चोंच मारकर राम को चुनौती दे दिया। राम ने बिना फर का बांण छोड़कर कर जयंत का अपनी ताकत का एहसास दिला दिया। श्रीराम का छोड़ा गया बाण उसका पीछा करने लगा व्याकुल जयंत नारद, ब्रह्मा व शिव के पास पहुंचकर अपने प्राण बचाने का गुहार लगाया, लेकिन उसकी रक्षा किसी ने नहीं किया। अंत में थक हार कर पुनः श्रीराम को चरणों में जाकर शरणागत हो गया। राम ने उसकी एक आंख फोड़ कर उसको अभयदान दे दिया। जंगल में घूमते हुए ऋषि महर्षियों से भेंट मुलाकात होते हुए अनुसूईया के आश्रम में पहुंचे। राम के साथ पहुंची सीता को अनुसूईया ने नारी धर्म की शिक्षा दिया। आगे बढ़ते हुए बन में पंचवटी पहुंचे। रावण की बहन शूर्पणखा पंचवटी में राम और लक्ष्मण के सुंदर रूप को देखकर मोहित हो गई और उनसे विवाह करने के लिए सुंदरी का रूप धारण कर अपने मायावी सुंदरी रूप से राम व लक्ष्मण को आकर्षित करने का प्रयास करने लगी। राम और लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा को कोई भी महत्व नहीं दिए जाने से क्रोधित सूर्पनखा अपना भयंकर रूप धारण कर सीता को डराने का प्रयास करने लगी। लक्ष्मण में शूर्पणखा का नाक और कान काट दिया रोती बिलखती शूर्पणखा पंचवटी से भाग खड़ी हुई। दर्शकों में रामलीला का खूब आनंद उठाया। राम की भूमिका में रजनीश सिंह ,लक्ष्मण सूरज सिंह, अनुसुइया चंद्रमणि, सरभंग ऋषि के किरदार में मनोज सिंह व शूर्पणखा अश्वनी सिंह ,गोपाल यादव व लालू यादव ने संयुक्त रूप से निभाया। इस मौके पर व्यास दीनानाथ गिरी, अध्यक्ष संजय सिंह, वशिष्ठ सिंह, अभिमन्यु सिंह, उपसचिव सत्यजीत सिंह, राहुल सिंह, निर्देशक राम अवधेश शर्मा, गौरव सिंह, रामजी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन सचिव सुमन्त सिंह सकरवार ने किया।

सोना 500 रुपए चढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 500 रुपये की तेजी के साथ 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजार में सकारात्मक रुख के बाद बुधवार को सोने की कीमतों में उछाल आया।' चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की उछाल के साथ 74,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। वैश्विक बाजारों में सोना तेजी के साथ 1,937 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी की कीमत भी तेजी के साथ 23.10 डॉलर प्रति औंस हो गई।

25 हजार का इनामिया नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा बरेसर पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों , वाछिंत, इनामिया, चोरो, लुटेरो आदि के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार को थाना स्थानीय में पंजीकृत धारा 376,344,506,120बी भादवि का वांछित/ मफरुर/ 25000/- हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त अफसर हुसैन पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम अलावलपुर अफगां थाना बरेसर जनपद गाजीपुर को युसुफपुर मुहम्मदाबाद से मुखबिर के सूचना पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अफसर हुसैन उपरोक्त के विरुध्द वर्ष 2022 में थाना बरेसर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2022 धारा 376, 344, 506,120बी भादवि में वांछित था मा0न्यायालय द्वारा जारी आदेश का भी उल्लन्घन कर लगा तार फरार चल रहा था जिसको मा0 न्यायालय द्वारा मफरुर भी घोषित किया जा चुका था । मुकदमा उपरोक्त में भी अभियुक्त अफरसर हुसैन के विरुद्ध 82/83 सीआरपीसी की कार्यवाही भी की जा चुकी है । तथा अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु 25000/- हजार रुपये का इनाम भी घोषित हो चुका था । गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ राजेश त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल बालेन्द्र कुमार, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, कांस्टेबल चालक सुधीर कुमार शुक्ला, महिला कांस्टेबल सनोज तथा उर्मिला शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

हिमाद्रि को तिगुना मुनाफा

नई दिल्ली। हिमाद्रि स्पेशियल्टी केमिकल लि. (एचएससीएल) का सितम्बर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 100.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। खर्च में कमी से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 35.88 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय घटकर 1,014.34 करोड़ रुपये रह गई।

मधुमेह रोगियों की नई दवा

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क ने मधुमेह के इलाज के लिए तीन-निश्चित खुराकों (एफडीसी) वाली एक दवा पेश की है। मुंबई की इस दवा कंपनी ने बुधवार को कहा कि जिटा ब्रांड नाम वाली इस दवा में टेनेलिग्लिप्टिन, डेपाग्लिफ्लोजिन और मेटफॉर्मिन का संयोजन किया गया है। कंपनी का दावा है कि यह दवा टाइप-2 मधुमेह रोगियों में ग्लाइसेमिक को नियंत्रण में रखने में मदद करेगी। ग्लेनमार्क ने इस दवा की कीमत 14 रुपये प्रति टैबलेट रखी है।

एलन करियर यूपी पहुंचा

लखनऊ (वि.)। एलन कैरियर इंस्टीट्यूट ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। यह विस्तार उत्तर प्रदेश के हज़ारों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उठाया गया एक कदम है। यह 55वां शहर है (24 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में) जहां एलन फिलहाल परिचालन कर रही है। गोमती नगर परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के डीआईजी (फायर), लखनऊ, जुगल किशोर, एलन के उपाध्यक्ष अमित मोहन अग्रवाल और अन्य प्रतिष्ठित सदस्य मौजूद रहे।

महिंद्रा की नई डीलरशिप

लखनऊ (वि.)। महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन ने वित्त वर्ष '23 में कारोबार की मात्रा में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के बाद, उत्तर प्रदेश के अयोध्या में अपनी अत्याधुनिक डीलरशिप मेसर्स सनराइज ट्रक एंड बस का उद्घाटन किया। इस मौके पर, जलज गुप्ता, बिजनेस हेड, वाणिज्यिक वाहन, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा, 'भारतीय सीवी (वाणिज्यिक वाहन) बाज़ार की मौजूदा वृद्धि, एमटीबीडी को अपनी बाज़ार स्थिति मज़बूत करने और मार्केट लीडर बनने का अवसर प्रदान करती है। एमटीबीडी की भारतीय सीवी बाज़ार में मज़बूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाज़ारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है।(एजेंसी)

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सदर विधायक के अगुआई में निकली गई अमृत कलश शोभा यात्रा

प्रखर संतकबीरनगर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संचालित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आज खलीलाबाद शहर में अमृत कलश शोभा यात्रा निकाल कर देश के लिए शाहिद हुए बीर सपूतो को नमन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भाजपा के सदर विधायक अंकुर राज तिवारी की अगुवाई में बृहस्पतिवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा शुगर मिल ग्राउंड से सदर ब्लॉक परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल लोगों ने शहर के घर -घर पहुंचकर मिट्टी को एकत्रित किया। वहीं, यात्रा का लोगों ने स्वागत करते हुए अमृत वाटिका के निर्माण के लिए अपना योगदान भी दिया। अमृत कलश यात्रा के खलीलाबाद ब्लाक परिसर में पहुंचने पर खलीलाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानंद और खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। यात्रा को शहर के लोगों का भरपूर स्वागत किया तथा पुरजोर समर्थन दिया । इसके अलावा लोगों ने बड़े पैमाने पर कलश में अपने घरों की चुटकी भर मिट्टी को डालकर अपना योगदान दिया। शहर के शुगर मिल रोड स्थित ग्राउंड से निकली कलश यात्रा शहर के मोती चौराहा, जूनियर हाई स्कूल रोड, बैंक चौराहा होते हुए खलीलाबाद ब्लॉक परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान ब्लॉक परिसर सभागार में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि भारत देश के लिए अपना सर्विस समर्पित करने वाले करोड़ों वीरों और वीरांगनाओं को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर के गांव व शहरों से बड़े पैमाने पर घरों से मिट्टी को एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सदर विधायक अंकुर राज तिवारी,खलीलाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानंद, प्रधान संघ अध्यक्ष रवींद्र सिंह,प्रधान सरवन तिवारी,खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी,एपीओ सूर्य प्रकाश चौधरी,एडीओ पंचायत,एडीओ इस नीतू,समस्त तकनीकी सहायक,समस्त प्रधान ,रोजगार सेवक,समस्त ब्लॉक कर्मचारी,समस्त ग्राम सचिव तथा शहर खलीला बाद की सम्मानित नागरिक आदि मौजूद रहे।

करीना कपूर खान ने की शुगर कॉस्मेटिक्स के संस्थापकों के साथ साझेदारी

नई दिल्ली (वि)। भारतीय स्किन और वेदर की कंडीशन के अनुकूल प्रीमियम कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड को सभी लीडिंग बड़े फॉर्मेट वाले रिटेलर और ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बेचा जाएगा। भारतीय मूवी आइकॉन करीना कपूर खान ने लीडिंग मेकअप ब्रांड, शुगर कॉस्मेटिक्स के फॉउंडर विनीता सिंह और कौशिक मुखर्जी के साथ एक स्ट्रेटेजीक पार्टनरशिप की है ताकि भारतीय स्किन और वेदर के अनुकूल तैयार प्रीमियम कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड 'क्वेंच बॉटैनिक्स लॉन्च किया जा सके। आइकानिक सुपरस्टार, को-ऑनर और इंवेस्टर के रूप में 'क्वेंच टीम में ज्वाइन हुई और ब्रांड को देश के सबसे बड़े और सबसे पसंदीदा ब्यूटी ब्रांडों में से एक बनाने के विज़न के साथ अपनी एंट्रेप्रेन्योरिअल जर्नी को आगे बढ़ाया।

काशी दर्पण संस्था की महिलाओं ने धूमधाम से किया डांडिया का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी दर्पण संस्था की महिलाओं द्वारा चौंकाघाट पानी टंकी स्थित एक होटल परिसर में किया गया डांडिया का आयोजन` कार्यक्रम में मीडिया से वार्ता के दौरान अध्यक्षा शालिनी अग्रवाल ने बताया की काशी दर्पण' बनारस शहर की अग्रणी महिला संस्था ने डांडिया कार्यक्रम इस बार अयोध्या की दीवाली को समर्पित है भव्य सजावट के साथ शहर के एक प्रतिष्ठित हॉल में ये उत्सव सम्पन्न हुआ वर्षो बाद वो घड़ी पास आ रही है जब हमारे पूज्य रामलला जी अयोध्या में अपने जन्मस्थान में एक भव्य मन्दिर में प्रतिष्ठित होंगे और इसी खुशी में हमने एक महीना पहले से ही उत्सव मनाना शुरू कर दिया है और इस बार का डाँडिया उत्सव रामलला को समर्पित है हॉल में इतनी भव्य सजावट और दीये और रंग बिरंगी रोशनियों की जगमगाहट थी कि लगा रहा था मानो स्वर्ग यही है और अयोध्या नगरी झूम रही है अपने रामलला का मन्दिर बनाकर श्रीराम को समर्पित अनेको नृत्य संस्था के सदस्याओं ने प्रस्तुत किये` मोनिका, उपासना, नूतन, पारूल , शिप्रा, मिहिका, मुस्कान, रिया, वर्षा, पूजा, प्रीती, शालिनी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया` कार्यक्रम की अध्यक्षा शालिनी अग्रवाल के साथ ज्योति, शिखा, विनीता, हिमा , नीलू, सरिता, संगीता, निधि आदि सदस्यायें उपस्थित थी कार्यक्रम का सफल संचालन पूजा अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सचिव रश्मि अग्रवाल ने दिया` कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति संस्थापिका मीनाक्षी अग्रवाल की रही जिनके निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

नवभारत निर्माण ट्रस्ट ने विलुप्त होते पारम्परिक गीतों के संरक्षण हेतु छेड़ी मुहिम

प्रखर कुशीनगर। इस नवरात्रि नवभारत निर्माण ट्रस्ट द्वारा विलुप्त होते पारम्परिक गीतों के संरक्षण एंव संवर्धन हेतु मुहिम छेड़ी गयी जिसके तहत इस नवरात्रि के प्रथम दिन से लाल दिग्गी के समीप दृष्टीबाधित बच्चों के हास्टल में एंव नवभारत निर्माण ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय स्थान-शिव मन्दिर के सामने तुरहाबागी राजेन्द्र नगर गोरखनाथ गोरखपुर में ट्रस्ट से जुड़ी पारम्परिक एंव लोक गायक नमन उपाध्याय एंव बृजेश यादव द्वारा दोनों निर्धारित स्थानो पर आम जनमानस को पारम्परिक गीतों हेतु जागरूक करने के लिए निशुल्क क्लास दी जा रही है। नमन उपाध्याय ने कहा कि आधुनिकीकरण के इस दौर मे ये जरूरी है कि हम अपने संस्कृति और परम्पराओं से जुड़े रहे जिसमें पारम्परिक गीतों की अहम भूमिका होगी। नवभारत निर्माण ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी विक्रमादित्य नारायण सिंह ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में विलुप्त होती लोक संस्कार पारंपरिक गीतों के प्रति लोगों का पुनः रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न गायन एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक करते रहने का कार्य ट्रस्ट से जुड़े कलाकारों एंव दृष्टि बाधित (दिव्यांग) बच्चों व अन्य समान्य बच्चों समेत सभी में कला और कौशल को बढावा देने का कार्य नवभारत निर्माण ट्रस्ट द्वारा सदैव करते रहा जाता है।

छात्राओं की उड़ान को पंख लगा रहा अंबर फाउंडेशन : मनोकामना राय

प्रखर जौनपुर। अंबर फाउंडेशन व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रेरित "कलेक्टर बिटिया" का कार्यक्रम मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में गुरुवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने कहा कि हर मां-बाप का यह सपना होता है उनके बच्चे आईएएस,आईपीएस, पीसीएस बनकर ना सिर्फ देश की सेवा करें बल्कि समाज में उनका व उनके परिवार वालों का नाम रौशन हो, उनके सपनों को पूरा करने के लिए अंबर फाउंडेशन ने कोचिंग सेन्टर के साथ मिलकर उन बच्चों को अपने सपने पूरा करने में सहयोग देगा जो गरीबी बेबसी के चलते अपनी पढ़ाई को आगे नहीं कर सकती उन्होंने कहा कि यदि इन लड़कियों में हौसला बढ़ाने के लिए ऐसे लोग सामने आते हैं तो उनके सपने जरूर पूरे होंगे छात्रों को उन्होंने अपनी इस सफर अपनी सफलता का राज बताते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी अंबर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा हुसैन साहब ने कहा कि हम लोग ध्येय आईएएस कोचिंग के साथ मिलकर प्रत्येक वर्ष 300 छात्राओं को आईएएस आईपीएस का पीसीएस बनने के लिए फ्री कोचिंग छात्रावास के साथ उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहे हैं इसका लाभ उन हजारों बच्चों को मिल सकता है जो लड़कियां अधिकारी बनने की कोशिश में अपना सपना पूरा करना चाहते हैं।

बागवानी फसलों के रिकार्ड उत्पादन का अनुमान

■ कुल 35.19 लाख टन की पैदावार की है उम्मीद ■ फल, सब्जी, फूल की पैदावार में बढ़ोतरी की आस

नई दिल्ली (वार्ता)। कृषि मंत्रालय ने विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्र और उत्पादन के लिए वर्ष 2022-23 का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी कर दिया है।

इसके अनुसार, वर्ष 2022-23 में देश में कुल बागवानी उत्पादन रिकार्ड 35 करोड़ 19 लाख टन होने का अनुमान है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'देश में खाद्यान्न के साथ ही बागवानी का भी लगातार रिकार्ड उत्पादन हो रहा है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों की अथक मेहनत, वैज्ञानिकों की कुशलता तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सद्परिणाम है।'

वर्ष 2022-23 में कुल बागवानी उत्पादन 35 करोड़ 19 लाख टन होने का अनुमान है। फलों, सब्जियों, वृक्षारोपण फसलों, फूलों और शहद में उत्पादन में वृद्धि होने का अनुमान है। फलों का उत्पादन वर्ष 2021-22 के 10 करोड़ 75 लाख टन की तुलना में वर्ष 2022-23 में 10 करोड़ 83 लाख टन होने का अनुमान है। सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 21 करोड़ 29 लाख 2.91 टन होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2021-22 में 20 करोड़ 91 लाख टन था।

वृक्षारोपण फसलों का उत्पादन वर्ष 2021-22 में एक करोड़ 57 लाख टन से बढ़कर वर्ष 2022-23 में एक करोड़ 60 लाख टन होने का अनुमान है। आलू का उत्पादन छह करोड़ टन होने की उम्मीद है ।

दो पालियों में दिया गया विधान सभा निर्वाचक नामावली पुनिरीक्षण का प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता मे स्वामी सहजानन्द पी0जी0 कालेज मे 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में आयोग के निदेर्शानुसार कार्यवाहियां सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध मे दो पालियो में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम पाली मे प्रशिक्षण मे विधान सभा 375-सदर गाजीपुर, विधान सभा 376- जंगीपुर और एवं द्वितीय पाली में विधान सभा 373-जखनियॉ (अ0जा0) एवं विधान सभा 374-सैदपुर (अ0ज0) के बी0एल0ओ0, सुपरवाइजर, को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 18-19 वर्ष के नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने, पूर्व से अंकित प्रविष्टियों में आवश्यक संशोधन, फोटो अथवा फोटो पहचानपत्र की त्रुटियों का निराकरण, 70 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन, शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं डेड मतदाताओं के नाम का निरस्तीकरण, दिव्यांगजनों एवं महिला मतदाताओ के नाम सूची में सम्मिलित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कोई भी कार्मिक द्वारा धर्म, जाति, सम्प्रदाय, वर्ग विशेष पर टिप्पड़ी न करते हुए कार्य करेगे इसके अलावा किसी भी राजनैतिक पार्टी के दबाव एवं प्रलोभन मे आकर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे चुनाव आयोग द्वारा जारी गाईड का उल्लंघन न होने पाये। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अभियान की 06 विशेष तिथियां निर्धारित है जिसमें -04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर 26 नवम्बर , 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर 2023 नियत हैं।

इन तिथियो पर प्रत्येक बी0एल0ओ0 एवं अधिकारियों द्वारा पोलिंग स्टेशन पर उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। उन्होने पुनरीक्षण की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन, दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को किया जायेगा, दावे और आपत्तियां दिनांक 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त किया जायेगा। दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 26 दिसम्बर 2023 एवं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा। उन्होने ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 06 विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी हैं जिसमें 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, , 26 नवंबर, 02 तथा 03 दिसम्बर 2023 दिन है। उक्त विशेष अभियान तिथियों में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को निःशुल्क पुनरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त प्रकार के फार्म सहित पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक उपस्थित रहेगें। पुनरीक्षण अवधि मे प्राप्त दावे व आपत्तियों को ससमय निर्धारित प्रारूप 6,7,8 एवं 8 ए पर संबंधित बूथ के बी0एल0ओ0/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलव्ध करायें, ताकि आयोग द्वारा निर्धारित तिथियो के अन्तर्गत उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करायी जा सके। उन्होने कहा कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के नये मतदाताओं का नाम चिन्हित करके उनसे फार्म-6 अवश्य भरवा लिया जाय। यह प्रयास किया जाय कि नये अर्ह मतदाताओं के नाम विधान सभा निर्वाचक नामावली मे सम्मिलित होने से छूट न जाय। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम, उपजिलाधिकारी सैदपुर एवं जखनियां, तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

रिन्यू के सीएसआर कार्यक्रम से 10 लाख लोग लाभान्वित

नई दिल्ली (भाषा)। हरित ऊर्जा में सक्रिय कंपनी रिन्यू ने बुधवार को कहा कि जलवायु शिक्षा, स्कूलों में बिजली पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कंपनी के प्रयासों के तहत करीब 10 लाख लोगों को लाया जा चुका है।

घरेलू कंपनी रिन्यू ने बयान में कहा कि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत चलाए गए उसके कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं। इनके जरिये समावेशी एवं समानता वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, लैंगिक समानता हासिल करने और समुदायों को किफायती, विश्वसनीय एवं टिकाऊ ऊर्जा तक पहुंच देने के लिए प्रयास किए गए हैं। रिन्यू ने कहा कि उसने सीएसआर कार्यक्रमों के तहत देश के 10 राज्यों में 10 लाख लोगों की जिंदगी बदली है।

जीत का चौका लगाने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

वनडे वर्ल्डकप: बांग्लादेश के खिलाफ रोहित की सेना को रहना होगा अलर्ट, आज दोपहर 02 बजे से खेला जाएगा मैच

पुणे,(एजेंसी)। भारतीय टीम वनडे वर्ल्डकप 2023 के 17वें मैच में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाहें लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर होंगी।

यह मुकाबला महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, पुणे में दोपहर 02:00 बजे से खेला जाएगा। भारत के खिलाफ पिछले चार मैचों में बांग्लादेश के रिकॉर्ड को देखते हुए रोहित शर्मा की टीम इस मुकाबले में कोई जोखिम लेने से बचना चाहेगी। भारतीय टीम ने अब तक टूर्नामेंट में लगातार तीन मैच जीते हैं। यहां प्रशंसक भारत द्वारा आक्रामक खेल की उम्मीद कर रहे हैं। रोहित शर्मा शानदार लय में दिख रहे हैं और शुभमन गिल ने अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की हैं, उन्होंने विकेट पर अपने संक्षिप्त पारी में आक्रमता की झलक दिखाई। रोहित ने तीन मैचों में 217 रन बनाए हैं और पिछले दो मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है।

विश्वकप 2023 में आठ विकेट के साथ जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अच्छे रन बना रहे हैं। हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, बुमराह और मोहम्मद सिराज ने भी टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की। बांग्लादेश के लिए अच्छी खबर यह है कि उनके कप्तान शाकिब अल हसन बायीं जांघ की चोट से उबर गए है और चयन के लिए उपलब्ध है। बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो और मुश्फिकुर रहीम ने इस वर्ष एकदिवसीय मैचों में क्रमशः 764 और 714 रन बनाए हैं। तस्कीन अहमद 2023 में 23 विकेट के साथ बांग्लादेश के सबसे सफल एकदिवसीय गेंदबाज हैं।

विश्वकप 2007 में बांग्लादेश ने भारत को दी थी शिकस्त

भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे वर्ल्डकप का पहला मुकाबला 2007 में खेला गया था। जिसमें राहुल द्रविड़ की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार की वजह से टीम इंडिया वर्ल्ड कप 2007 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद टीम इंडिया को काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। खैर इसके बाद 2011, 2015 और 2019 वर्ल्डकप में भारत ने बांग्लादेश को हराया है।

वर्ल्डकप हेड-टू-हेड	
कुल मैच	04
भारत जीता	03
बांग्लादेश जीता	01

वनडे हेड-टू-हेड	
कुल मैच	40
भारत जीता	31
बांग्लादेश जीता	08
रद्द	01

पिछले चार मैचों में बांग्लादेश ने भारत को तीन बार हराया

- 15 सितंबर 2023- बांग्लादेश 6 रन से जीता
- 10 दिसंबर 2022- भारत 227 रन से जीता
- 07 दिसंबर 2022- बांग्लादेश 5 रन से जीता
- 04 दिसंबर 2022- बांग्लादेश 1 विकेट से जीता

दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

बांग्लादेश: शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हसन शंटो, तौहीद हृदय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, महेदी हसन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब।

पिच रिपोर्ट

पुणे में भी काली मिट्टी से पिच बनाई गई है। यहां बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। इस पिच पर सबसे बड़ा वनडे स्कोर 356 रहा है, वहीं सबसे कम स्कोर 232 रन है। वहीं तेज गेंदबाज पिच उछाल और बॉडीलाइन बाउंसर से बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

मौसम का मिजाज

भारत और बांग्लादेश मैच पुणे में गुरुवार को आसमान में बादल छाने की पूरी संभावना है। लेकिन बारिश होने की उम्मीद काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहेगा जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस। वहीं 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की उम्मीद है।

रोहित शर्मा ने वनडे रैंकिंग में पहली बार कोहली को पछाड़ा

आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा 5 स्थानों की छलांग लगाते हुए छठे पायदान पर पहुंच गए है। रोहित अपने करियर में पहली बार वनडे रैंकिंग में कोहली से आगे निकले हैं। 10 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में रोहित 11वें नंबर पर थे। ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में रोहित शर्मा छठे नंबर पर आ गए हैं और बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल है। शुभमन गिल दो नंबर पर, रोहित शर्मा नंबर छठे तथा विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौ नंबर पर हैं।

विराट कोहली पर रहेंगी भारतीय फैन्स की निगाहें

विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्डकप के 3 मैचों में 64.50 की औसत से 129 रन बनाए हैं। कोहली इस समय अच्छी फॉर्म में हैं जो बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन पारी खेल सकते हैं।

रोहित के पास वर्ल्डकप में बांग्लादेश के खिलाफ शतकों की हैट्रिक पूरी करने का मौका

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 2015 और 2019 वर्ल्डकप में बांग्लादेश के खिलाफ शतक ठोका था। अगर पुणे में होने वाले मैच में रोहित एक बार फिर ऐसा करते हैं, तो वर्ल्डकप में बांग्लादेश के खिलाफ उनके शतकों की हैट्रिक हो जाएगी। 2015 वर्ल्ड कप में भारत और बांग्लादेश के बीच क्वॉर्टर फाइनल मैच खेला गया था, जिसे भारत ने 109 रनों से जीता था। रोहित शर्मा ने उस मैच में 137 रन बनाए थे। वहीं 2019 वर्ल्डकप में लीग राउंड में भारत और बांग्लादेश आमने-सामने थे और तब रोहित शर्मा ने 104 रनों की तूफानी पारी खेली थी। रोहित वर्ल्डकप 2011 में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। तक उस मैच में शतक विराट कोहली के बल्ले से निकला था।

वर्ल्डकप अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचा न्यूजीलैंड

अफगानिस्तान को 149 रनों से करारी शिकस्त दी

चेन्नई,(एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने आईसीसी विश्वकप 2023 के 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान को 149 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर कब्जा किया। न्यूजीलैंड की यह टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवरों में छह विकेट पर 288 रन बनाए है। जबाव में अफगानिस्तान की पूरी टीम 34.4 ओवर में 139 रन पर सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और छठें ओवर की पांचवीं गेंद पर उसके सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज 11 रन को हेनरी ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। अफगानिस्तान की ओर से सबसे अधिक 36 रन रहमत शाह ने बनाए। इसके अलावा अजमतुल्लाह उमरजई ने 27 रन, इकराम अलीखिल 19 रन, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने आठ रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन और मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट निकाले।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रहीं। सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर न्यूजीलैंड को पहला विकेट डेवन कॉन्वे 20 रन के रूप में गिरा। एक समय न्यूजीलैंड ने 110 के कुल स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद लैथम और फिलिप्स ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 144 रन की दमदार साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स (80 गेंदों में 71 रन) और टॉम लैथम (74 गेंदों में 68) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। मार्क चैपमैन 25 रन और मिशेल सैंटनर 7 रन ने सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई और नवीन-उल-हक ने दो-दो विकेट झटके।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड	रन	गेंद	4/6
डेवन कॉन्वे पगबाधा मुजीब	20	18	3/0
विल यंग कै. अलीखिल बो. उमरजई	54	64	4/3
रचिन रविंद्र बो. उमरजई	32	41	2/1
डैरिल मिचेल कै. इब्राहिम बो. राशिद	01	07	0/0
टॉम लैथम बो. नवीन उल हक	68	74	3/2
ग्लेन फिलिप्स कै. राशिद बो. नवीन	71	80	4/4
मार्क चैपमैन नाबाद	25	12	2/1
मिचेल सैंटनर नाबाद	07	5	1/0

अतिरिक्त: 10, **कुल:** 50 ओवर में छह विकेट पर 288 रन, **विकेट पतन:** 1-30, 2-109, 3-110, 4-110, 5-254, 6-255 **गेंदबाजी:** मुजीब उर रहमान 10-0-57-1, फजलहक फारूकी 7-1-39-0, नवीन उल हक 8-0-48-2, मोहम्मद नबी 8-1-41-0, राशिद खान 10-0-43-1 अजमतुल्लाह उमरजई 7-0-56-2 .

अफगानिस्तान	रन	गेंद	4/6
रहमानउल्लाह गुरबाज बो. हेनरी	11	21	0/1
इब्राहिम जादरान कै. सैंटनर बो. बोल्ट	14	15	2/0
रहमत शाह कै. एवं बो. रविंद्र	36	62	1/0
शहीदी कै. सैंटनर बो. फर्ग्यूसन	8	29	1/0
उमरजई कै. लैथम बो. बोल्ट	27	32	2/0
इकराम अलीखिल नाबाद	19	21	3/0
मोहम्मद नबी बो. सैंटनर	07	09	1/0
राशिद खान कै. मिचेल बो. फर्ग्यूसन	08	13	0/1
मुजीब उर रहमान कै. यंग बो. फर्ग्यूसन	04	03	1/0
नवीन उल हक कै.चैपमैन बो. सैंटनर	00	01	0/0
फजलहक फारूकी कै. मिचेल बो. सैंटनर	00	02	0/0

अतिरिक्त: 5, **कुल:** 34.4 ओवर में 139 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-43, 4-97, 5-107, 6-125, 7-134, 8-138, 9-139, 10-139 **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 7-1-18-2, मैट हेनरी 5-2-16-1, मिचेल सैंटनर 7.4-0-39-3,लॉकी फर्ग्यूसन 7-1-19-3, ग्लेन फिलिप्स 3-0-13-0, रचिन रविंद्र 5-0-34-1.

मैन ऑफ द मैच
ग्लेन फिलिप्स
71
रन

मिचेल सैंटनर के वनडे में 100 विकेट पूरे

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर ने अपने वनडे करियर में 100 विकेट पूरे किए। वह न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में 100 विकेट लेने वाले 18वें गेंदबाज बने हैं। उन्होंने 98वें वनडे की 93वें वीं पारी में यह उपलब्धि अपने नाम की है। न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर डेनियल विटोरी हैं। उन्होंने 291 वनडे की 273 पारियों में 297 विकेट झटके। सैंटनर ने अफगानिस्तान के खिलाफ 7.4 ओवर में 5.1 की इकॉनमी से 39 रन देकर 3 विकेट झटके। उन्होंने मोहम्मद नबी को 7 के स्कोर पर बोल्ड किया। इसके अलावा उन्होंने नवीन उल हक और फजलहक फारूकी को पवेलियन भेजा।

वर्ल्डकप काउंटर

बाउंड्री मीटर

छक्के	182
चौके	752

सर्वाधिक रन

खिलाड़ी	टीम	रन
डेवन कॉन्वे	न्यूजीलैंड	249
मो. रिजवान	पाक	248
क्विंटन डिकॉक	द.अफ्रीका	229

सर्वाधिक विकेट

खिलाड़ी	टीम	विकेट
मिचेल सैंटनर	न्यूजीलैंड	11
मैट हेनरी	न्यूजीलैंड	09
जसप्रीत बुमराह	भारत	08

अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
न्यूजीलैंड	4	4	0	8	1.923
भारत	3	3	0	6	1.821
द. अफ्रीका	3	2	1	4	1.385
पाकिस्तान	3	2	1	4	-0.137
इंग्लैंड	3	1	2	2	-0.084
बांग्लादेश	3	1	2	2	-0.699
ऑस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.734
नीदरलैंड्स	3	1	2	2	-0.993
अफगानिस्तान	4	1	3	2	-1.250
श्रीलंका	3	0	3	0	-1.532

डीआरएस फैसले से नाखुश वॉर्नर ने मांगा स्पष्टीकरण

बेंगलुरु, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने एकदिवसीय विश्वकप में श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस के फैसले पर नाराजगी जताते हुए अधिक पारदर्शिता की मांग की है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में वार्नर ने अपने पगबाधा आउट करार देने के अंपायर जोएल विल्सन के फैसले से इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गुस्से में अपना बल्ला अपने पैड पर दे मारा था।

मध्यप्रदेश स्केटबॉल के अध्यक्ष बने जीएम शिंदे

भोपाल (खेसं)। डॉ. जीएम शिंदे को मध्यप्रदेश स्केटबॉल का अध्यक्ष चुना गया हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 2023 में ऑल इंडिया स्केटबॉल (स्केटिंग) चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश स्केटबॉल (स्केटिंग) फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. जीएम शिंदे ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। ऑल इंडिया स्केटबॉल (स्केटिंग) फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर चौहान भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि डॉ. शिंदे को सभी सदस्यों की सहमति से मप्र का अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. जी.एम. शिंदे ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका में पूरी कर्तव्य निष्ठा से पालन करुंगा। उन्होंने कहा कि फेडरेशन मध्यप्रदेश में स्केटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए साल में प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इस प्रतियोगिता में मेजबान मध्यप्रदेश समेत 20 से अधिक राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें प्रतिभागी अलग-अलग वर्ग में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि जी.एम. शिंदे का खेलों से शुरू से ही जुड़ाव रहा है। वे स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं। फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि दूसरे खेलों की तरह इसे भी हम बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं।



समर चैंपियनशिप में मप्र ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहा

भोपाल,(खेसं)। महाराष्ट्र श्री शिव छत्रपति शिवाजी कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे में आयोजित नेशनल आइस स्टॉक स्पोर्ट समर चैंपियनशिप 2023 में एलएनसीटी के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। यूथ अंडर-21 इवेंट में एलएनसीटी विश्वविद्यालय की रेणू ने टीम टारगेट इवेंट मे कांस्य पदक, टीम गेम में रजत पदक, इंडिविजुअल डिस्टेंस में कांस्य पदक और हिमांशी माधवी ने टीम टारगेट इवेंट मे कांस्य पदक, टीम गेम मे रजत पदक, टीम डिस्टेंस मे कांस्य पदक अर्जित किया। अंडर 21 यूथ पुरुष वर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के आदित्य राजपूत ने टीम टारगेट इवेंट मे कांस्य पदक अर्जित किया। मध्यप्रदेश आइस स्टॉक टीम का कोच बैतूल की शबाना खान को नियुक्त किया गया था। मध्यप्रदेश आइस स्टॉक टीम मे सीहोर, बैतूल, भोपाल, बीना के खिलाड़ी शामिल थे।

राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट 25 अक्टूबर से

भोपाल,(खेसं)। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में राजीव गाँधी प्रद्योगिकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध भोपाल के सभी महाविद्यायल की टीमें भाग लेंगी। राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अनुराग जैन ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए एंट्रीज का प्राप्त होना शुरू हो गया है। वे कॉलेज जो इस स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं 22 अक्टूबर तक अपनी एंट्री भेज सकते हैं।

दक्षिण भारत के 'कश्मीर' में होने वाली बर्फबारी का उठाएं लुत्फ, जिंदगी भर याद रहेगा एक्सपीरियंस

जब भी साउथ-इंडिया में घूमने का जिक्र किया जाता है, तो लोग सबसे पहले केरल, कर्नाटक या फिर तमिलनाडु का नाम लेते हैं। बता दें कि दक्षिण भारत में मौजूद आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। सभी सैलानियों के लिए आंध्र प्रदेश की खूबसूरती और यहां मौजूद कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन बेहद ही खास है। लेकिन अगर आप भी इस बार दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं और बर्फबारी देखना चाहते हैं। तो आज हम आपको आंध्र प्रदेश में घूमने वाली कुछ बेहतरीन और अद्भुद जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि आंध्र प्रदेश में लांबासिंगी/लम्बसिंगी उन चुनिंदा हिल स्टेशन में से एक है। जहां पर अधिक संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि इस हिल स्टेशन को आंध्र प्रदेश का 'कश्मीर' भी कहा जाता है। विचित्र घाटियों और ठंडे तापमान के साथ, दक्षिणी क्षेत्र में लम्बासिंगी एकमात्र जगह है जहां बर्फबारी होती है। यह छोटा सा गांव सुन्दर सफेद धुंद से ढका हुआ होता है। ऐसे में अगर आप भी आंध्र प्रदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको सबसे पहले इस जगह पर आना चाहिए। इसके अलावा आप यहां पर घाट रोड़, कोंडाकरला पक्षी अभ्यारण्य, थाजंगी जलाशय और अन्नावाराम मंदिर जैसी बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। इसके अलावा आप प्रदेश में नल्लमला हिल्स स्टेशन को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। पूरे दक्षिण-भारत में यह स्थान सुगम्य वातावरण और मनमोहक दृश्यों के लिए फेमस है। जनवरी से लेकर मार्च के शुरूआती दिनों में नल्लमला हिल्स स्टेशन का मौसम एकदम सुहावना होता है। इसलिए यहां पर भारी संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आप यहां पर जंगल सफारी और ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं। अद्भुद और बेहतरीन वैली सिर्फ हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश में भी मौजूद है। विशाखापत्तनम जिले में स्थित अरकू वैली अपने अद्भुत दृश्व और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। इस हसीन वैली में घूमने के बाद आप अन्य वैली को भूल जाएंगे। अरकू वैली में मौजूद ट्राइबल म्यूजियम, बॉटनिकल गार्डन, भीमुनिपटनम और बोर्रा गुफा जैसी बेहतरीन जगहों को दोस्तों के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटीज का भी मजा उठा सकते हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में स्थिति पापीकोंडालू बेहद खुबसूरत होने के साथ बेहतरीन पर्वत श्रृंखला भी है। आंध्र प्रदेश के साथ-साथ पूरे दक्षिण-भारत में यह स्थान नयनसुख के नाम से जाना जाता है। गोदावरी नदी के किनारे स्थित होने के वजह से यह जगह भारत के सैलानियों के लिए बेहद ही खास हिल स्टेशन है। पापीकोंडालू की हसीन वादियों में मौजूद पत्तिसीमा नदी द्वीप, पापिकोंडा नेशनल पार्क और किन्नरसानी वन्यजीव अभयारण्य जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

मिर्गी के दौरों से जुड़े हो सकते हैं
नींद और तनाव

65 मिलियन लोगों को मिर्गी है दुनिया भर में, जिनमें से कई विशिष्ट ट्रिगर की रिपोर्ट करते हैं जो उनके दौरे की अधिक संभावना बनाते हैं - जिनमें से सबसे आम है तनाव, नींद की कमी और थकान।

लंदन (आईएएनएस)। नींद के पैटर्न और तनाव हार्मोन से यह समझा जा सकता है कि मिर्गी से पीड़ित लोगों को कब और कैसे दौरे पड़ने की संभावना है। एक नए अध्ययन से यह पता चला है। यूके में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मिर्गी के प्रमुख लक्षणों पर नींद और तनाव-हार्मोन कोर्टिसोल की एकाग्रता में परिवर्तन जैसी विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं के प्रभाव को समझने के लिए गणितीय मॉडलिंग का उपयोग किया, जिसे इपिलेप्टीफॉर्म डिस्चार्ज (ईडी) कहते हैं। मिर्गी एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जिसमें बार-बार दौरे पड़ते हैं। वैज्ञानिकों ने इडियोपैथिक मिर्गी से पीड़ित 107 लोगों की 24 घंटे की ईईजी रिकार्डिंग का विश्लेषण किया और मिर्गी के स्राव के अलग-अलग वितरण वाले दो उपसमूहों की खोज की : एक नींद के दौरान सबसे अधिक घटना वाले और दूसरा दिन के दौरान कभी भी वाले।

पीएलओएस कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में अपने निष्कर्षों को प्रकाशित करते हुए, टीम ने खुलासा किया कि या तो कोर्टिसोल या स्लीप स्टेज ट्रांज़िशन की गतिशीलता, या दोनों, ईडी के अधिकांश देखे गए वितरणों को समझाता है। यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम्स मॉडलिंग एंड क्वांटेटिव बायोमेडिसिन से जुड़ी मुख्य लेखिका इसाबेला मारिनेली ने कहा, दुनिया भर में लगभग 65 मिलियन लोगों को मिर्गी है, जिनमें से कई विशिष्ट ट्रिगर की रिपोर्ट करते हैं जो उनके दौरे की अधिक संभावना बनाते हैं - जिनमें से सबसे आम है तनाव, नींद की कमी और थकान। उन्होंने कहा, हमारे निष्कर्ष वैचारिक सबूत प्रदान करते हैं कि नींद के पैटर्न और कोर्टिसोल की एकाग्रता में परिवर्तन मिर्गी के दौरे की लय के अंतर्निहित शारीरिक चालक हैं। हमारा गणितीय दृष्टिकोण बेहतर समझ के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है कि कौन से कारक ईडी गतिविधि की घटना को सुविधाजनक बनाते हैं और संभावित रूप से दौरे को ट्रिगर करते हैं।

शोधकर्ताओं का गणितीय मॉडल मस्तिष्क की गतिविधि का वर्णन करता है कि उत्तेजना कैसे बदल सकती है - या तो नींद के चरणों के बीच संक्रमण या कोर्टिसोल की एकाग्रता में भिन्नता। मिर्गी से पीड़ित कई लोगों में ईडी की आवृत्ति रात के दौरान, सुबह के समय और तनावपूर्ण स्थितियों में बढ़ जाती है। टीम ने पाया कि एक उपसमूह में 90 प्रतिशत भिन्नता के लिए नींद जिम्मेदार है और दूसरे उपसमूह में कोर्टिसोल लगभग 60 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। मैरिनेली ने समझाया, हमारे पहले उपसमूह में जागने के दौरान ईडी की संभावना में बदलाव के लिए अकेले नींद जिम्मेदार नहीं हो सकती है। पहले घंटों के दौरान शुरुआती तेज वृद्धि के बाद नींद के समय ईडी की संभावना में कमी आई है। इसे इस तथ्य से समझाया जा सकता है कि गहरी नींद पहले भाग के दौरान प्रमुख होती है। हमने जागने से पहले ईडी की घटना में वृद्धि देखी जो नींद और कोर्टिसोल के संयुक्त प्रभाव का सुझाव देता है।

मुंबई (वार्ता)। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। यह सुझाव मानसिक रोग विशेषज्ञों ने दिया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विश्व के करीब 15 प्रतिशत मानसिक रोगी भारत में हैं। इनके उपचार के लिए



मानसिक स्वास्थ्य
में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंस के अनुसार मानसिक रोग से ग्रसित 20 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को उपचार कराने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के अनुसार भारत में मानसिक स्वास्थ्य पर एक प्रतिशत ही खर्च किया जाता है। मंगलवार को यहां हुई संगोष्ठी में चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्होंने व्यवसायियों से इस क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया।

गांधी, सीता और राम के विचारों को आत्मसात करें : एडम्स

न्यूयार्क के मेयर ने दिया प्रेरक दिवाली संदेश



न्यूयॉर्क (अमेरिका) (भाषा)। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा है कि दिवाली हम सभी को अंधकार को चीरकर प्रकाश की ओर बढ़ने की याद दिलाती है। उन्होंने लोगों से भगवान राम, देवी सीता और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने तथा बेहतर मानव बनने का आह्वान किया। अपने न्यूयॉर्क आवास 'ग्रेसिया मैंशन' पर आयोजित वार्षिक दिवाली समारोह में एडम्स ने लोगों से दुनिया में अंधकार को दूर कर रोशनी फैलाने का आह्वान किया। एडम्स ने कहा, 'दिवाली सिर्फ एक छुट्टी नहीं है। यह हम सभी को याद दिलाती है कि हमें दुनिया से अंधकार को मिटाना होगा और प्रकाश फैलाना होगा। 'रोशनी का त्योहार' इसी बारे में है।'

इस वार्षिक समारोह में सैकड़ों भारतवंशी अमेरिकी और दक्षिण एशियाई समुदाय के नागरिक तथा अन्य देशों से आए प्रवासियों का समुदाय एवं सरकारी अधिकारी शामिल हुए। एडम्स ने कहा कि दिवाली मोमबत्ती या दिए जलाने से कहीं अधिक 'हमारे जीवन को प्रकाशमान' करने के बारे में है। उन्होंने कहा, 'दुनिया में बहुत अधिक अंधकार है जो हम हर दिन देखते हैं। इसलिए अगर हम वास्तव में रामायण के जीवन, सीता के जीवन, गांधी के जीवन में विश्वास करते हैं तो हमें निश्चित रूप से गांधी के नक्शे कदम पर चलना होगा।' एडम्स ने कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनियाभर में अंधकार छाया हुआ है और दुनिया बेकसूर लोगों की मौत का गवाह बन रही है, ऐसे में 'हम इसे (अंधकार को) हमारे भविष्य को और मानवता को निगलते' हुए नहीं देख सकते। उन्होंने कहा, 'आइए बेहतर मनुष्य बनें। दिवाली के सार को आत्मसात करें। गांधी की विचारधारा को आत्मसात करें। सीता की विचारधारा को अपनाएं। राम की विचारधारा को जिएं और तभी हम सही मायने में इस दिन की मूल भावना को आत्मसात कर पाएंगे जो वास्तव में इसका अर्थ है।

'शाहिद' के 10 बरस
पूरे होने पर हंसल मेहता बोले : फिल्म ने बहुत कुछ दिया

मुंबई (भाषा)। फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने बुधवार को अपनी वर्ष 2013 की ड्रामा फिल्म 'शाहिद' की 10वीं वर्षगांठ मनाई। मेहता ने जीवनी पर आधारित इस फिल्म को लेकर कहा कि इस फिल्म ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और इस फिल्म से ही उन्होंने अभिनेता राजकुमार राव के साथ काम करना शुरू किया। यह फिल्म वकील एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता शाहिद आजमी के जीवन पर आधारित है जिनकी वर्ष 2010 में मुंबई में हत्या कर दी गई थी। फिल्म 'शाहिद' को आलोचकों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी थी। टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2012 में 'शाहिद' का वर्ल्ड प्रीमियर किया गया जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। फिल्म निर्माता मेहता ने फिल्म का आधिकारिक पोस्टर सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा कर लिखा, 'शाहिद के 10 साल पूरे हुए। इस फिल्म ने हम सबको जो दिया, उसके लिए बहुत बहुत आभार। शाहिद आजमी की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या ने मुझे एक फिल्म निर्माता के रूप में नया जीवन दिया। इस फिल्म से ही मेरी राजकुमार राव के साथ काम करने की शुरुआत हुई।' मेहता का नवीनतम प्रोजेक्ट 'द बकिंघम मर्डर्स' है और 'जियो मामी मुंबई फिल्म उत्सव' की शुरुआत करीना कपूर खान अभिनीत इस फिल्म के प्रदर्शन के साथ होगी।

टाइगर 3 के ट्रेलर
को मिले प्यार से खुश हैं
सलमान

मुंबई (आईएएनएस)। 'टाइगर 3' के ट्रेलर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें अपने करियर में ऐसी फिल्में मिलीं जिन्होंने उन्हें बहुत प्यार दिया। सलमान ने कहा कि मुझे लगता है कि टाइगर 3 के ट्रेलर की प्रतिक्रिया के रूप में आज हम जो देख रहे हैं वह बिल्कुल असाधारण है। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे अपने करियर में ऐसी फिल्में मिलीं, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। लेकिन ट्रेलर लॉन्च के बाद इतनी सराहना पाना और इतना उन्माद देखना वाकई खास एहसास है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि हमारा ट्रेलर हिट हुआ है और लोग सिनेमाघरों में टाइगर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। कैटरीना और मुझे जोया और टाइगर के रूप में वापस देखने पर लोगों ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, उससे मैं भी वास्तव में प्रभावित हूं। अभिनेता ने आगे कहा कि मुझे पता है कि ये दोनों सुपर-एजेंट दर्शकों के दिलों में एक विशेष स्थान रखते हैं और मुझे खुशी है कि हम टाइगर 3 के ट्रेलर के साथ उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे हैं।

हावड़ा ब्रिज दुर्गा पूजा से पहले
'अल्पना' से सजा

कोलकाता (भाषा)। कोलकाता के 80 वर्ष पुराने मशहूर 'हावड़ा ब्रिज' को दुर्गा पूजा से पहले सजाया गया है और कलाकारों के एक समूह ने इस पर बंगाल के 'अल्पना' चित्र उकेरे हैं। अधिकारियों ने कहा कि पुल को एलईडी लाइटों से भी सजाया गया है जिससे सूर्यास्त के बाद यह पुल एक नए और सुंदर रूप में दिखता है। लोकप्रिय कलाकार संजय पॉल और विभिन्न कला कॉलेजों के लगभग 40 छात्रों के उनके दल ने 2,313 फुट लंबे पुल के एक हिस्से को 'अल्पना' चित्रकला से सजाया। ग्रामीण बंगाल में इसी कला से फर्श और दीवारों को सजाया जाता है। पॉल ने कहा, 'हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए हावड़ा ब्रिज से बेहतर संरचना क्या हो सकती है और वह भी बंगाल के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा से ठीक पहले। मैंने और मेरे दल ने पांच दिनों में इन कलाकृतियों को पूरा किया।

शक्तिपीठ मां मंगलागौरी में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

गया, 18 अक्टूबर (वार्ता) बिहार में गया शहर स्थित मां मंगलागौरी मंदिर में पूजा करने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। मां मंगलागौरी शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शक्तिपीठ मां मंगला गौरी मंदिर में नवरात्र के महीने में दूर-दराज से भक्त आते हैं और अपने परिवार की सुख, समृद्धि, शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव जब माता पार्वती के जलते शरीर को लेकर तांडव करते हुए आकाश मार्ग से चल पड़े,

तब उनके रौद्र रूप को शांत करने के लिए भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर मां पार्वती के शरीर के कई टुकड़े कर दिए। जहां-जहां माता पार्वती के शरीर के टुकड़े गिरे, वह स्थल शक्तिपीठ कहलाया। गया शहर के भस्मकूट पर्वत पर माता सती का वक्षस्थल गिरा, जो मंगला गौरी शक्ति पीठ के रूप में जाना जाता है। मंदिर के अंदर कई वर्षों से अखंड ज्योति जल रही है, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु पूजा-पाठ करते हैं।

दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में
विशिष्ट पहचान बनाई ओमपुरी ने

जन्मदिवस 18 अक्टूबर के अवसर पर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में ओमपुरी का नाम ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और संवाद शैली से लगभग तीन दशक तक दर्शकों को अपना दीवाना बनाया।हरियाणा के अंबाला में 18 अक्टूबर 1950 को जन्मे ओम पुरी का बचपन काफी कष्टमय बीता। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिये उन्हें एक ढाबे में नौकरी तक करनी पड़ी थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ढाबे के मालिक ने उन्हें चोरी का आरोप लगाकर हटा दिया।

बचपन में ओमपुरी जिस मकान में रहते थे उसके पीछे एक रेलवे यार्ड था। रात के समय ओमपुरी अक्सर घर से भागकर रेलवे यार्ड में जाकर किसी ट्रेन में सोने चले जाते थे। उन दिनों उन्हें ट्रेन से काफी लगाव था और वह सोचा करते थे कि बड़े होने पर वह रेलवे ड्राइवर बनेंगे। कुछ समय के बाद ओमपुरी अपने ननिहाल पंजाब के पटियाला चले आए जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इस दौरान उनका रूझान अभिनय की ओर हो गया और वह नाटकों में हिस्सा लेने लगे। इसके बाद ओम पुरी ने खालसा कॉलेज में दाखिला ले लिया। इस दौरान ओमपुरी एक वकील के यहां बतौर मुंशी काम करने लगे। इस बीच एक बार नाटक में हिस्सा लेने के कारण वह वकील के यहां काम पर नहीं गये। बाद में वकील ने नाराज होकर ओम पुरी को नौकरी से हटा दिया। जब इस बात का पता कॉलेज के प्राचार्य को चला तो उन्होंने ओमपुरी को कैमिस्ट्री लैब में सहायक की नौकरी दे दी। इस दौरान वह कॉलेज में हो रहे नाटकों में हिस्सा लेते रहे। यहां उनकी मुलाकात हरपाल और नीना तिवाना से हुई जिनके सहयोग से वह पंजाब कला मंच नामक नाट्य संस्था से जुड़ गए। लगभग तीन वर्ष तक पंजाब कला मंच से जुड़े रहने के बाद ओमपुरी ने दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में दाखिला ले लिया।

ओमपुरी ने अपने सिने कॅरियर की शुरुआत वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म 'घासीराम कोतवाल' से की। मराठी नाटक पर बनी इस फिल्म में ओमपुरी ने घासीराम का किरदार निभाया था। इसके बाद ओमपुरी ने'गोधूलि','भूमिका','भूख','शायद','सांच को आंच नहीं'जैसी कला फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इससे उन्हें कोई खास पहचान नहीं मिली। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'आक्रोश' ओम पुरी के सिने कॅरियर की पहली हिट फिल्म साबित हुई।

मलयालम एक्टर
कुंद्रा जॉनी का निधन



तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)। मलयालम एक्टर कुंद्रा जॉनी का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। इंडस्ट्री के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिल्म इंडस्ट्री में खलनायक के रूप में पहचान बनाने वाले 71 वर्षीय अभिनेता ने मंगलवार रात घर पर सीने में दर्द होने की शिकायत की और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके गृह नगर कोल्लम में किया जाएगा। जॉनी जोसेफ के रूप में जन्मे वह लोकप्रिय रूप से कुंद्रा जॉनी के नाम से जाने जाते थे। 100 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके जॉनी ने 1979 में अपनी शुरुआत की और वह फिल्म इंडस्ट्री का एक अभिन्न अंग थे। अभिनेता अक्सर खलनायक की भूमिका निभाने के लिए पहली पसंद थे।



राकेश और शिवानी का
देवी गीत ये मईया रिलीज

मुंबई (वार्ता)। जानेमाने गायक राकेश मिश्रा और गायिका शिवानी पांडेय का देवी गीत ये मईया रिलीज हो गया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर गीत रिलीज हुआ है। राकेश मिश्रा ने ये मईया गीत को लेकर कहा कि हम लगातार देवी मां की आराधना में नये नये गाने लेकर आ रहे हैं और उम्मीद करते है कि सबों को हमारा देवी गीत पसंद आ रहा है, ये मईया गाने के गीतकार अजय बच्चन हैं। संगीतकार छोटू रावत हैं।

ऋतिक और दीपिका की फिल्म 'फाइटर'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म'फाइटर'का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फाइटर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में 100 डेज टू फाइटर और कैप्शन में लिखा, फाइटर 100 दिन में आ रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। इनके अलावा करण सिंह ग्रोवर और तलत अजीज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म एरियल एक्शन है।

पीजी कालेज धरने के 8वें दिन छात्रों ने अर्धनग्न होकर जताया विरोध, आमरण अनशन की दी चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने आठवें दिन गुरुवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने छात्रहित में उठाये गये मुद्दों पर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा उपेक्षा किये जाने से आक्रोशित होकर धरना स्थल पर अर्धनग्न होकर अपना विरोध दर्ज कराया। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन इसलिए छात्रसंघ चुनाव कराने से डर रही है कि अवैध वसूली सहित तमाम शोषण पर छात्र मुखर होकर आवाज उठाते हैं और मनमानी करने नहीं देते हैं इस लिए चुनाव कराने में आनाकानी कर रही है और बीपीई के छात्रों के भविष्य से महाविद्यालय प्रशासन खिलवाड़ कर रही है सत्र 2021-22 के छात्रों का अब तक न तो रिजल्ट जारी हुआ है और न तो सत्र-2022-23 कि पूरी फीस लेंने के बावजूद परीक्षा कराई गई है और अब सत्र- 2023-24 चल रहा है और छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और महाविद्यालय प्रशासन पल्ला झाड़ रहा है। छात्र नेता निखिल राज भारती ने कहा महाविद्यालय प्रशासन छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है और मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है जो छात्रहित में कही से भी उचित नहीं है। छात्रों को पठन-पाठन व उनकी समस्या के समाधान करने के बजाय केवल खानापूर्ति कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे।

छात्र नेता आकाश चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं करता है तो धरना को आमरण अनशन में तब्दील करने को हम सभी छात्र मजबूर होगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन की होंगी।

छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, बीपीई का रिजल्ट जारी करने कि मांग,फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय,तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग,महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है।

धरना में शामिल धीरज सिंह, अभिषेक वर्मा, रणविजय प्रताप, सनी निषाद, निलेश बिंद, ईश्वर यादव, अमृतांश बिंद, विकाश तिवारी, अरुण कुमार, राहुल कुमार, शैलेश यादव, विनीत स्वराज, अंकित यादव, विकाश यादव, संदीप चौहान, सत्य प्रकाश, गोविंद, रोहित यादव, हरिओम यादव, अभिषेक यादव, अमित यादव, प्रांजल मिश्रा, आलोक कुमार राय, सुजीत यादव,अमित कुमार, रोशन सिंह, विजय कुमार, आरती बिन्द, धन्नजय कुशवाहा आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में श्रम बन्धु समिति की बैठक हुई आयोजित, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक कल देर सांय कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिक पंजीयन की व्यवस्था एवं प्रति वर्ष नवीनीकरण एवं निर्माण कार्यस्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य है और निर्माण लागत के सापेक्ष व्यय का 01 प्रतिशत की धनराशि उपकर के रूप में बोर्ड के खाते में जमा करना अनिवार्य है। बैठक में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु बी०ओ०सी० बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की गतिशीलता प्रदान करने पर विचार विर्मश किया गया। अंसगठित क्षेत्र के कर्मकारों के लिए ई-श्रम कार्ड पंजीयन एवं प्रधानमंत्री अम योगी मानधन योजना की प्रगति के बारे में चर्चा की गई। दुकान व्यवसायिक प्रतिष्ठानों संस्थाओं कारखानों में नियोजित श्रमिकों एवं सेवायोजको के संबंधों पर विचार विमर्श किया गया एवं दुकानों प्रतिष्ठानों के पंजीकरण हेतु जानकारी प्रदान की गई तथा बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, सुभाष शुक्ला अध्यक्ष चौम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, अरविन्द पाठक अध्यक्ष उ०प्र० इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, श्रवण अग्रहरी जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल, रामलौट राही श्रमिक प्रतिनिधि के अतिरिक्त अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डकैती नहीं पड़ती साइबर डकैती होती है : उमेश सिंह

प्रखर दानगंज वाराणसी। यूनियन बैंक दानगंज की शाखा मे आयोजित मेगा आउटरीच कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे यूनियन बैंक की चार क्षेत्रीय शाखा के उपयोक्ता और कर्मचारी सम्मिलित हुए सैकड़ो उपभोक्ता को लोन भी दिया गया .कैम्प मे मुख्य महाप्रबंधक यूनियन बैंक शैलेश कुमार सिह. उप महा प्रबंधक संसार चन्द्र और सहायक प्रबंधक उमेश सिंह सहित आला अधिकारी उपस्थित रहे .कैम्प मै 55 लोगो को विभिन्न प्रकार के लोन भी दिये गये है. मुख्य महाप्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि कैम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बैकिंग को पहुंचाना है यूनियन बैंक अपने बैकिंग मित्र के साथ मिलकर ग्रामीण के घर पर ही बैकिंग की सुविधा दे रही है. महाप्रबंधक ने कहा कि भविष्य मे रोजगार का प्रमुख केंद्र कृषि उत्पादन है बैकिंग कृषि लोन अधिक से अधिक दे किसानो कौ किसान कैडिट कार्ड बनाने को कहा है . सहायक महाप्रबंधक उमेश सिंह ने कहा कि अब गांवो मे डकैती नही पडती न डाकू जंगलो मै रहते है अब साइबर डकैती हो रही है उससे बचने और सावधानी बरतने का सुझाव बताए. इस अवसर पर 25 व्यापारी को लोन. 20 कृषि लोन. 18 मुदा लोन तथा दो ग्राहको कौ उनके वाहन की चाबी भी सौपी गई. इस अवसर पर यूनियन बैंक दानगंज के प्रबंधक दयानंद श्रीवास्तव सहित सितारा.मोहाव और मुनारी बैक- के प्रबंधक. बैकिंग मित्र संतोष चौबे. अनिल दिक्षित. कपिल देव सिह. संजय सिंह. दुगेश चौहान .शंशाक सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत नारी शक्ति के तहत चलाया गया शक्ति दीदी अभियान

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना अंतर्गत दानगंज चौकी के ठीक सामने रामलीला मैदान पर प्रोग्राम आयोजित किया गया शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु चलाए जा रहे नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति - चतुर्थ चरण के क्रम में एडीसीपी महिला अपराध ममता रानी के नेतृत्व में कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों (शक्ति दीदी) एवं महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बाजार/ गांव/ कस्बा/ शिक्षण संस्थानों /सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए "शक्ति दीदी" के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अधिकारियों/थानों के सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा। मौके पर थाना प्रभारी परम हंश गुप्ता और थाने व चौकी के सिपाही गड़ मौजूद रहे अखिलेश यादव दिवान, अमित सिंह अवधेश राणा देशनाथ आदि पुलिस टीम मौजूद रही सैकड़ो की संख्या में महिलाये उपस्थित रही।

कॉलोनी के पार्क पर अवैध कब्जा व संघ की शाखा का विरोध करने वाले के खिलाफ थाने में दिया गया आवेदन

प्रखर वाराणसी। लालपुर - पांडेयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी सेक्टर नंबर 1 ए के निवासियों ने स्थानीय एक दबंग व्यक्ति पर पार्क पर अवैध कब्जा व संघ की शाखा का विरोध करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर लालपुर- पांडेयपुर थाने में एक आवेदन भी दिया गया है। आरोप है कि कुछ दिनों से स्वयंसेवक अस्वस्थ होने के कारण शाखा नहीं लगा पा रहे थे और बच्चे महिलाएं व पुरुष खेल व टहल नहीं पा रहे थे। जिसका लाभ उठाकर पार्क के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने लोगों के साथ जबरदस्ती षड्यंत्रज कर उक्त पार्क के गेट ऊपर ताला लगा दिया और पार्क के गेट पर अपना नाम भी लिखवा दिया। साथ ही लोगो ने यह भी आरोप लगाया गया है कि उनका कहना है कि मैं जिसे चाहूंगा वही पार्क में आएगा पार्क मुझे आवास विकास में एलाट किया है। वहीं स्थानीय कॉलोनी निवासियों का कहना है कि उक्त पार्क नगर निगम की सार्वजनिक संपत्ति व पार्क है कोई भी इसमें खेल कूद एवं घूम बैठ सकता है। इसमें ताला लगाना गैर कानूनी है। उक्त लोगों ने थाना अध्यक्ष से अवरोध किया है कि सार्वजनिक पार्क पर अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उक्त आवेदन पर जब थानाध्यक्ष लालपुर पांडेयपुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा मामला आया था, लेकिन दोनों लोगों की आपसी सहमति से निराकरण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि संघ की शाखा वहां 2019 से लगती है। वहाँ के स्थानिय कुछ महिलाओं का आरोप था कि यह लोग अपना स्थान थोड़ा बदल लें जिसे हमें टहलने में दिक्कत ना हो, इस पर थानाध्यक्ष ने संघ के लोगों से कहा कृपया आप लोग अपना स्थान बदल लीजिए। जिससे इन महिलाओं को दिक्कत ना हो। इसको लेकर संघ की शाखा पार्क के बीच मे लगने लगी और दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई। अब वहां पर ऐसा कोई भी विवाद नहीं है।

वसंत महिला महाविद्यालय में नव प्रवासी छात्राओं का गरबा और डांडिया की धून पर हुआ स्वागत

प्रखर वाराणसी। राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय में नव प्रवासी छात्राओं का विद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं ने गरबा और डांडिया की धून और डांडिया की प्रस्तुति से स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने भक्ति और बॉलीवुड गीतों पर डांडिया नृत्य से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान अनुवाद की महत्ता एवं इसकी सार्थकता को रेखांकित करने और अंग्रेजी विभाग के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अंग्रेजी विभाग वसंत महिला महाविद्यालय एवं पिटाराः स्कूल ऑफ हैप्पीनेस के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी अनुवादित रचनाएं प्रस्तुत की। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा अनुवाद दिवस के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए पाकिस्तानी लेखिका महा हसन द्वारा लिखित "जब चिड़िया उड़ जाती हैं!" नामक एक लघु नाटक का मंचन किया गया। जिसका अनुवाद एवं निर्देशन अंग्रेजी विभाग की डॉ. रचना पाण्डेय ने किया। लघु नाट्य में अंग्रेजी विभाग की एमए अंतिम वर्ष की नव्या त्रिपाठी, वैष्णवी शर्मा, श्वेता गुप्ता, ईशा शर्मा, हेमलता, मेघा द्विवेदी और श्रुति यादव और अंग्रेजी विभाग की बीए अंतिम वर्ष से अंजलि सिंह समेत अन्य छात्राएं शामिल थी। कार्यक्रम का संचालन एमए अंतिम वर्ष की छात्रा शांभवी राय और अनुकृति पाण्डेय के द्वारा किया गया। नाटक के बाद सरप्राइज मैसेज और डिपार्टमेंट वीडियो जैसी विभिन्न दिलचस्प गतिविधियां हुईं। पिटारा क्लब के सदस्य डॉ. मनु जायस ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रो. रंजना सेठ, प्रो. सीमा श्रीवास्तव, प्रो. मंजरी झुनझुनवाला, डा. सौरभ सिंह, डॉ.सुनीत आर्या, प्रो. मीनाक्षी बिस्वाल, प्रो. सुजाता साहा, प्रो. आशा पाण्डेय, प्रो. संजीव कुमार, डॉ. अंजना सिंह समेत महाविद्यालय की अन्य टिचर और छात्राएं शामिल थें।

सपा के महासचिव शिवपाल सिंह यादव का कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का वाराणसी से बलिया जाते समय गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर चौकियां चट्टी पर भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 2024 में होने वाला लोकसभा का चुनाव पार्टी के लिए चुनौती है। यह दौर संघर्ष का है। उन्होंने सभी से अपने अपने क्षेत्र में जाकर जनता के सवालों पर संघर्ष छेड़ने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। देश के लोकतंत्र, संविधान, देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप, सामाजिक और साम्प्रदायिक सद्भाव बचाने की जरूरत है। उन्होने कहा कि इंडिया के गठन से भाजपा घबड़ाई गई है। घबड़ाकर अनाप शनाप फैसले और बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने हमेशा संघर्ष कर जनता को तानाशाही ताकतों से मुक्ति दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सर्व समाज की पार्टी है। यहां सभी का सम्मान है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से सदर विधायक जै किशन साहू, तहसीन अहमद, नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, अनिल यादव, बांबी चौधरी, राकेश यादव, पवन यादव, रणजीत यादव, प्रदीप यादव ,बचनू यादव, राहुल कन्नौजिया आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

विश्व वैदिक सनातन न्यास का संतोष सिंह ने किया गठन

विश्व वैदिक सनातन न्यास
Vishva Vedic Sanatan Nyas
19.10.23

प्रखर वाराणसी। सनातनी हिंदुओं का संगठन विश्व वैदिक सनातन न्यास का गठन संतोष सिंह ने किया है। बता दे कि संतोष सिंह विश्व वैदिक सनातन न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। वहीं उन्होंने बताया कि समस्त सनातनी हिंदुओं के संगठन विश्व वैदिक सनातन न्यास का गठन किया गया है। जो सनातन हित को मूलतः ध्यान में रखते हुए राष्ट्र सेवा का कार्य करेगा। जिसका मार्गदर्शन हिंदुस्तान के संत समाज करेंगे। मुगल काल में तोड़े गए देवस्थानों, देवालय, मठ व मंदिरों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास संवैधानिक तरीके से विश्व वैदिक सनातन न्यास करेगा। समाज के समग्र विकास हेतु अपना योगदान देगा एवं राष्ट्र को सनातन राष्ट्र बनाने की दिशा में संवैधानिक तरीके से प्रयास भी करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जल्दी ही विश्व वैदिक सनातन न्यास संगठन अपने पदाधिकारियो की घोषणा भी करेगा।

नवनिर्मित चौकी का किया गया भूमि पूजन

प्रखर गीडा, सहजनवां। थाना के तहत पडने वाले नवनिर्मित भडसार पुलिस चौकी के नए भवन का आज सी ओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवनिर्मित गीडा थाना के इस क्षेत्र में भडसार पुलिस चौकी बन जाने से कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर गीडा एस ओ रतन कुमार पांडेय, भडसार पुलिस चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह तोमर, धनंजय सिंह, शिव प्रकाश सिंह, आलोक कुमार राय सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

गणित कैम्पेन का महा अभियान निपुण हो तुम बनो महान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी महोदय के निदेर्शानुसार विद्यालयों में 16-30 तक गणित कैम्पेन चलाने के क्रम में प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर में कक्षा 1- 5 तक के बच्चों (रेड लेबल व येलो लेबल) के साथ गणित कैम्पेन का महाअभियान चलाया गया जिसमें बच्चों का गणित दौड़, झटपट हल करो, सोचो और बताओ, गणित क्विज, आकार का पहचान, टीएलएम के सहयोग से संख्या ज्ञान, ज्यामितीय आकार की पहचान, जोड़, घटाना, गुणा, भाग के साथ साथ, पहाड़ा पढ़ो पुरस्कार जीतो, संख्याओं को पढ़ो व शब्दों में लिखो आदि अनेक नवाचारी गतिविधियों के साथ कैम्पेन का महा अभियान चलाया गया इस महाभियान में कक्षा 1 से 3 तक के कैम्पेन का संचालन व आकलन स अ सुनील कुमार, सिद्धनाथ सिंह, वेद प्रकाश सिंह तथा कक्षा 4 व 5 के कैम्पेन का संचालन व आकलन कौशल कुमार, राहुल सिंह व रामाश्रे द्वारा किया गया इस दरम्यान सभी बच्चे उत्साहित होकर प्रतिभाग किये ग्रीन लेबल के बच्चों द्वारा ग्रुप बनाकर स्वयं करके सीखें विधि के कैम्पेन चलाया गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेशनल इक्वल पार्टी के झंडे का किया विमोचन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सपा कार्यालय लखनऊ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेशनल इक्वल पार्टी के झंडे का किया विमोचन और विमोचन के बाद अखिलेश यादव ने की बैठक` नेशनल इक्वल पार्टी के अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह सिंह ने बताया कि पूर्वांचल की चार पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर तथा सहयोगी दल बनकर रहने पर विस्तृत रूप से अखिलेश यादव से वार्ता हुई अनिल सिंह चौहान अध्यक्ष जनता उन्नति पार्टी, टुनटुन पाण्डे अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यरत पार्टी, भामाशाह पार्टी अध्यक्ष सुजीत गुप्ता, नेशनल इक्वल पार्टी अध्यक्ष महिलामंच वंदना सिंह, संयोजक शशिप्रताप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं